दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। गुरुवार 26 फरवरी -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 68 पेज - 08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## लखनऊ मानवेंद्र मर्डर केस: आरोपी बेटे अक्षत को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया

**लखनऊ:** पिता के लिए बेटा कितना प्रिय होता है, सबको पता है। बेटा पिता का अभिमान होता है, उसका गुरुर होता है और वही बेटा अगर अपने पिता का दुश्मन बन जाए तो? उसकी जान ले तो? लखनऊ के आशियाना इलाके में दिल दहला देने वाले मामले में ऐसा ही हुआ है। बेटे अक्षत ने पिता को सिर्फ मारा नहीं उनके शव के टुकड़े कर नीले ड्रम में भर दिया और ऐसे लौटा जैसे कुछ हुआ ही नहीं। न अफसोस और न पिता को खोने का गम। जिस पिता ने उसे गोद में खिलाया, पाल-पोस कर बड़ा किया, उन्हें ही उसने इतनी रौंगटे खड़े करने वाली मौत दी। हालांकि घटना



को 24 घंटे बीत जाने के बाद आरोपी अक्षत को अफसोस भी है और पिता के जाने का गम भी। कोर्ट में जब अक्षत पेश हुआ तो उसके चेहरे पर पिता को मारने का अफसोस साफ दिखा।






# हाईकोर्ट ने सुनाया फैसला और कहा हाउस टैक्स में वृद्धि ठीक

## याचिकाकर्ताओं ने कहा हम करेंगे सुप्रीम कोर्ट में अपील

## कार्यकारिणी उपाध्यक्ष बोले अदालत का फैसला हमें मंजूर







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिस फैसले का बेसब्री से इंतजार हो रहा था वो फैसला बुधवार को आ गया। गौरतलब है कि नगर निगम ने गाजियाबाद के हाउस टैक्स में वृद्धि की थी। इस वृद्धि को लेकर निगम प्रशासन और पूर्व पार्षद आमने सामने आ गये थे। निगम अधिकारियों ने निगम एक्ट का हवाला दिया था और कहा था कि कर वृद्धि न्यायचित है। वहीं इस मामले में भाजपा के पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी और पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की। हाईकोर्ट ने सुनवाई के लिए याचिका स्वीकार कीऔर ईधर नगर निगम की बोर्ड बैठक में कर वृद्धि के फैसले को लेकर 30 जून को अविस्वास प्रस्ताव आया। पूर्व पार्षदों की याचिका पर सुनवाई शुरू हुई और डेट पर डेट लगती रहीं।

निगम प्रशासन ने भी 100 पेज का हलफनामा दाखिल किया और अदालत के सामने सारे तथ्य रखे। पूर्व पार्षदों ने भी यहां अपील की और उन्होंने भी निगम एक्ट का हवाला देते हुए तथ्य रखे। इसी बीच नगर निगम ने हाउस टैक्स वृद्धि को लेकर पार्षदों ने विरोध जताया और वो बोर्ड बैठक के मीनट्स की मांग को लेकर धरने पर बैठ गये। पार्षद एकता के नाम से ग्रुप का गठन हो गया और पार्षद वैल्फेयर एसोसिएशन के बैनर पर पार्षद एकजुट हो गये। ईधर नगर निगम ने लोगों को कर से जुड़े नोटिस भेजे और कर जमा कराने की बात कही। नगर निगम ने छूट का ऑफर दिया और यहां पर एक नया मोड तब आया जब मेयर सुनिता दयाल ने एक बार फिर से छूट की बात भी कही और ये भी कहा कि सदन का फैसला सर्वोपरि होता है। निगम का सदन पहले ही सर्वसम्मिति से कर वृद्धि के प्रस्ताव को निरस्त कर चुका था। 5 फरवरी को अदालत ने इस पूरे केस की सुनवाई की और फैसला सुरक्षित रख लिया।


25 फरवरी को हाईकोर्ट ने फैसला सुना दिया और इस फैसले में अदालत ने पूर्व पार्षदों द्वारा डाली गयी रिट याचिका खारिज कर दी। ये एक बड़ा फैसला है और इस फैसले के बाद अब सभी की निगाहें बोर्ड बैठक पर हैं। हालाकि बताया ये जाता है कि अदालत के फैसले में बोर्ड के फैसले को भी लेकर टिप्पणी की गयी है। फैसला आने के बाद लगातार चर्चा होती रही। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गाजियाबाद में हाउस टैक्स निर्धारण को चुनौती देने वाली जनहित याचिका खारिज कर दी है। अदालत ने इस मामले में निगम प्रशासन की प्रक्रिया को वैध बताया।

### न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र तथा मुख्य न्यायाधीश अरूण भंसाली की पीठ ने सुनाया फैसला

करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा सम्पत्ति कर की प्रक्रिया को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर 5 फरवरी को मुख्य न्यायाधीश अरूण भंसाली और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेन्द्र की खण्डपीठ ने सुनवाई पूरी करते हुए फैसला सुरक्षित रखा था और 20 दिन बाद 25 फरवरी को इसी अदालत ने फैसला सुनाया। अदालत ने फैसला सुनाते हुए याचिकाकर्ता राजेन्द्र त्यागी व अन्य पूर्व पार्षदों द्वारा दायर की गई याचिका को खारिज किया। यह याचिका 9 जनरवरी 2024 को जारी की गई थी। इसमें 3 मई 2025 के आदेश और 5 मार्च 2025 के प्रस्ताव संख्या 139 को रद्द करने की मांग की गई थी।

### ये थे पूर्व पार्षदों की ओर से लगाये गये आरोप

करंट क्राइम। निगम ने कर वृद्धि की और इस कर वृद्धि के विरोध में पूर्व पार्षद राजेन्द्र त्यागी और पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल हाईकोर्ट पहुंचे। उन्होंने याचिका दाखिल की और आरोप लगाया कि सम्पत्ति कर में लगभग 300 प्रतिशत की कर वृद्धि की गई है। उन्होंने कहा कि न्यूनतम मासिक किराया दर तय करने के नियमों का पालन नहीं हुआ है। इस याचिका में ये भी कहा गया कि सड़क की चौड़ाई में ग्रीन बैल्ट, फुटपाथ, डिवाईडर आदि जोड़कर अवैध रूप से वार्षिक मूल्य बढ़ाया गया है। कहा गया कि समय से टैक्स करने जमा करने पर मिलने वाली छूट कम कर दी गई।




### नगर निगम ने रखा हाईकोर्ट में इस तरह से अपना पक्ष

करंट क्राइम। नगर निगम भी इस मामले में हाईकोर्ट पहुंचा और निगम ने भी अपनी बात रखी। निगम ने यहां 100 पेज का हल्फानामा दाखिल किया और तर्क दिये। नगर निगम ने कहा कि निगम के 100 वार्डों में सर्वे कराकर क्षेत्र के हिसाब से वर्गीकरण किया गया। इसे क्रम से बांटा जिसमें विकसित, सामान्य विकसित और स्लम पिछड़े क्षेत्रों में किराया दरों का औसत निकाला गया। इसके बाद आपत्तियां आमंत्रित की गईं और 318 आपत्तियों का निस्तारण किया गया। 9 जनवरी 2024 को अंतिम दरें प्रकाशित की गईं।

### हाईकोर्ट ने स्पष्ट की स्थिति और सुनाया इस तरह फैसला



करंट क्राइम। हाईकोर्ट ने इस पूरे मामले की सुनवाई की। जिसमें दोनों पक्षों को अपने अपने दस्तावेज रखने का अवसर दिया। दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं को सुना और उसके बाद हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि रिकार्ड से ये स्पष्ट हो रहा है कि विकसित क्षेत्रों में औसत किराया और सामान्य क्षेत्रों और स्लम क्षेत्रों में प्रति वर्ग फुट के हिसाब से निकाला गया था। परन्तु अंतिम निर्धारण 4 रू, 3.5 रू और 3 रू प्रति वर्ग फुट किया गया। कोर्ट ने माना कि नगर आयुक्त द्वारा विवेकाधिकार के तहत उठाया गया कदम था जो अधिनियम की धारा 174(1) के प्रावधान के अन्तर्गत वैध है। कोर्ट ने सभी दस्तावेजों का अवलोकन करते हुए कहा कि नगर आयुक्त द्वारा की गई वर्गीकरण प्रक्रिया विस्तृत, वार्ड वार और नियम 4, 4(अ), 4(ई) के अनुरूप थी। आपत्तियों को सुनकर निस्तारित किया गया।

### दो वर्ष के पुनर्निर्धारण वाले तर्क को नहीं किया अदालत ने स्वीकार

करंट क्राइम। इस केस में याचिकाकर्ताओं ने तर्क दिया था कि रोड शब्द अधिनियम में परिभाषित नहीं है। कोर्ट ने धारा 2(74) का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि स्ट्रीट की परिभाषा में रोड शामिल है। अत: सडक की चौड़ाई के आधार पर वर्गीकरण करना विधिसम्मत है। अदालत ने दो वर्ष में पुर्ननिर्धारण का तर्क अस्वीकार कर दिया। कोर्ट ने माना कि वर्ष 2001 के बाद विधिवत निर्धारण नहीं हुआ था केवल प्रतिशत वृद्धि होती रही। इसलिए 2024 निर्धारण नियम 4-अ के तहत पहली वास्तविक प्रकिया थी और इसे एक वर्ष में संशोधन कहकर अवैध नहीं ठहराया जा सकता। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट कर दिया कि न्यूनतम मासिक किराया दर का निर्धारण विधिसम्मत है। प्रक्रिया के व्यापक सर्वे, प्रकाशन और आपत्ति निस्तारण किया गया। नगर आयुक्त द्वारा किया गया वर्गीकरण और दर निर्धारण अधिनियम एवं नियमों के अनुरूप है।

### हम करेंगे इस फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील : हिमांशु मित्तल



करंट क्राइम। पूर्व निगम पार्षद तथा पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य हिमांशु मित्तल ने हाऊस टैक्स बढ़ाये जाने को चुनौती देते हुए जनहित याचिका दाखिल की थी। वो इस मुकदमें को लड़ रहे हैं और बुधवार को हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद दैनिक करंट क्राइम ने उनसे बात की। हिमांशु मित्तल ने कहा कि हम शहर की जनता को पिसने के लिए ऐसे नहीं छोड़ेंगे। हम सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे। हिमांशु मित्तल ने कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट में जाने की बात कही। लेकिन उन्होंने यहां सरकार के कामकाज को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार है लेकिन इंजन ही काम कर रहे हों, तो क्या किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मेयर और पूरे सदन के निर्णय की अवहेलना नहीं हो सकती। अगर ऐसा हो रहा है और तो फिर 100पार्षद और मेयर किस लिए सदन में बैठे हैं। हिमांशु मित्तल ने सभी राजनीतिक दलों से आगे आने की अपील की। उन्होंने कहा कि हम सुप्रीम कोर्ट जायेंगे और इस लड़ाई को लड़ेंगे।

### कोर्ट का निर्णय स्वीकार और हम हैं अपनी मेयर के साथ : प्रवीण चौधरी



करंट क्राइम। नगर निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष प्रवीण चौधरी निगम पार्षद भी हैं और पेशे से अधिवक्ता हैं। कोर्ट का फैसला आने के बाद उन्होंने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि अभी मैंने निर्णय को पूरी तरह से पढ़ा नहीं है। इस फैसले का अध्ययन करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि कोर्ट सर्वोपरि है और कोर्ट का फैसला हमें स्वीकार है। उन्होंने कहा कि इस मामले पर महापौर का जो भी निर्णय होगा, हम उसके साथ हैं। मैं उपसभापति होने के नाते भी मेयर के साथ हूं। महापौर निगम सदन की मुखिया हैं और उनकी जो भी राय होगी और जो भी फैसला होगा, हम उसके साथ हैं। अदालत ने जो भी फैसला सुनाया है वह हमें स्वीकार है।

### 34 पेज के फैसले में सदन से लेकर याचिकाकर्ताओं की रखी है बात

करंट क्राइम। अदालत ने 34 पेज का फैसला दिया है। इन 34 पेज के फैसले में हाईकोर्ट बैंच के न्यायमूर्ति ने प्रत्येक बिन्दु का ध्यान रखा है। सदन को लेकर बात कही है और निगम प्रशासन को लेकर एक्ट का हवाला दिया है। बताया जाता है कि यहां पर कोर्ट ने अपने फैसले में ये भी माना है कि याचिकाकर्ता स्वयं निगम के पार्षद हैं और अगर वो बोर्ड के निर्णयों से असहमत हैं तो उसे जनहित याचिका के माध्यम से चुनौती देना उचित नहीं है। 34 पेज के फैसले में अदालत ने कई बिन्दुओं पर अपनी व्याख्या दी है।

### हाउस टैक्स फैसले पर मेयर का क्या होगा संभावित रुख



इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्णय के बाद नगर निगम की निर्वाचित प्रमुख मेयर सुनीता दयाल की प्रतिक्रिया पर स्वाभाविक रूप से ध्यान है। मेयर पूर्व में यह कह चुकी हैं कि हाउस टैक्स जैसे महत्वपूर्ण विषय पर सदन के निर्णय का सम्मान होना चाहिए। ऐसे में अब अदालत के आदेश के आलोक में वे कानूनी स्थिति और सदन की भूमिका—दोनों को संतुलित रूप से देखने की कोशिश कर सकती हैं। संभावना है कि मेयर निगम प्रशासन के साथ बैठक कर फैसले के विधिक पहलुओं की जानकारी लें और आवश्यकता होने पर कार्यकारिणी या सदन में चर्चा कराई जाए। इससे यह स्पष्ट किया जा सके कि आगे की कार्यवाही किस प्रक्रिया के तहत होगी। पिछले कुछ समय से समय पर कर जमा करने पर 20 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। इस व्यवस्था को जारी रखने, संशोधित करने या नई नीति के साथ समायोजित करने पर भी विचार किया जा सकता है, ताकि राजस्व हित और करदाताओं की सुविधा—दोनों का ध्यान रखा जा सके।

# कानून का राज ही सुशासन की पहचान, सख्ती से ही अराजकता पर लगती है लगाम: बालेश्वर त्यागी

## यूथ कांग्रेस के लड़कों ने जिस तरह से एआई समिट में घुस कर गुंडागर्दी की, सारी दुनिया के सामने नंगा नाच किया उसका इलाज करना आवश्यक था



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मुझ जैसे बहुत सारे लोगों को पहली बार संतोष हुआ कि ये भाजपा की सरकार गुंडागर्दी को आयरन हैंड्स (फौलादी हाथों) से निपटने के लिए उद्यत हुई है। जहां शासन को न्यायी, दयालु उदार और लोक हित में संलग्न होना चाहिए, वहां व्यवस्था स्थापित करने के लिए कानूनों का पालन न करने पर उसे दंडित कराने के लिए पकड़ कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करना उसका वैधानिक दायित्व है। देश में सभी कानून का पालन करें इसके लिए ही पुलिस की लंबी चौड़ी व्यवस्था है। पुलिस प्रशासन को कानून तोड़ने वालों से कैसे निपटना है, इसके लिए उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है। राज्य का पहला और सबसे महत्वपूर्ण दायित्व कानून का राज्य कायम करना ही है।

यूथ कांग्रेस के लड़कों ने जिस तरह से एआई समिट में घुस कर गुंडागर्दी की ।सारी दुनिया के सामने नंगा नाच किया उसका इलाज करना आवश्यक था। पहली बार भाजपा शासन ने दृढ़ता से कार्यवाही के तेवर दिखाए हैं। न केवल उन्हें गिरफ्तार किया है बल्कि उनके सारे षड्यंत्र को बेनकाब करने के लिए जांच करने के लिए उद्यत हुई है ।पहली बार देश के लोगो को लगा है कि ये सरकार कांग्रेसियों से डरती नहीं है। कानून बनाए इसलिए जाते हैं कि उनका पालन हो। कुछ लोग कानून तोड़ने का दुस्साहस करेंगे इसलिए ही कानून तोड़ने पर दंड का प्राविधान किया जाता है। कानून का डर ही कानून के पालन को सुनिश्चित करता है। जहां कानून का डर नहीं होता, वहां व्यवस्था भंग होती है, अराजकता होती है । और उसे जंगल राज कहा जाता है। सुशासन तभी माना जाता है जब कानून का पालन करने वाले निर्भय हों और कानून तोड़ने वाले डरें।

विरोध करना लोकतंत्र में वैधानिक अधिकार है। यह अधिकार संविधान प्रदत है। लेकिन विरोध कहां हो? कैसे हो? कब हो ? इसके लिए व्यवस्था है। हमने तो ये ही देखा है कि विरोध प्रदर्शन का मतलब होता था कि या तो लाठी चार्ज या जेल यात्रा या दोनों। प्रदर्शनकारी भी जानते थे कि इतना तो होगा ही। गाजियाबाद के हमारे भाजपा नेता अरविंद भारतीय और रविन्द्र कांत त्यागी गवाह हैं कि 1980 में घंटाघर पर धरना देने पर लाठियां भी पड़ी और जेल भी भेजे गए ।पिछले 11 वर्ष में शायद पहली बार यूथ कांग्रेस के कार्यकताओं को लगा होगा कि अब देश में उनकी सरकार नहीं है।



**कानून का राज ही सर्वोच्च प्राथमिकता**
राज्य का पहला दायित्व कानून व्यवस्था कायम रखना है। कानून तोड़ने वालों को दंडित करना शासन की वैधानिक जिम्मेदारी है और यही सुशासन की पहचान है।

**विरोध का अधिकार, पर सीमाओं के भीतर**
लोकतंत्र में विरोध संवैधानिक अधिकार है, लेकिन उसका स्थान, तरीका और समय निर्धारित है। व्यवस्था भंग करना लोकतांत्रिक अधिकार नहीं माना जा सकता।

**संसद की घटनाओं ने उठाए प्रश्न**
बजट सत्र के दौरान पुस्तक विवाद और प्रधानमंत्री की सुरक्षा से जुड़े प्रसंगों को ऐसे उदाहरण के रूप में रखा गया है, जहाँ अपेक्षित कठोरता नहीं दिखी।

**मजबूत सरकार की अपेक्षा**
लेख में यह भावना उभरती है कि देश निर्णायक और निर्भीक शासन चाहता है, जो कानून के पालन को हर स्तर पर सुनिश्चित करे।


**एआई समिट प्रकरण पर सख्त कार्रवाई**
यूथ कांग्रेस की कथित अराजकता पर हुई गिरफ्तारी और जांच को सरकार की दृढ़ता के रूप में देखा गया है। इससे समर्थकों में यह संदेश गया कि सत्ता राजनीतिक दबाव से नहीं डरती।

अभी पिछले दिनों संसद के बजट सत्र का पहला चरण पूरा हुआ है, उसमें दो ऐसी घटनाएं हुई जिससे आम जन में संदेश गया कि सरकार कठोर फैसले लेने से बचती है ।विवादों से बचती है, कड़ी कार्यवाही नहीं करती है ।उनमें से एक, पूर्व सेना प्रमुख एम एम नरवणे की जिस पुस्तक को रक्षा मंत्रालय ने छपने की अनुमति नहीं दी, उस पुस्तक की प्रति नेता प्रतिपक्ष द्वारा संसद परिसर में दिखाई जाती रही और नेता प्रतिपक्ष कहते रहे कि मैं इस पुस्तक को प्रधान मंत्री को भेंट करूंगा लेकिन सरकार ने उनसे ये पूछने का साहस नहीं दिखाया कि ये पुस्तक कहां से लाए हो ? और न ऐसा कहीं दिखा कि उस संबंध में अभी तक कोई प्रभावी कार्यवाही अमल लाई गई हो । दूसरे, लोक सभा अध्यक्ष ने सदन को अवगत कराया कि उन्होंने प्रधान मंत्री जी से संसद में न आने का अनुरोध किया क्योंकि कांग्रेस की महिला सदस्यों ने संसद में प्रधान मंत्री जी के बैठने के स्थान को घेर रखा था और प्रधान मंत्री के साथ कुछ भी अप्रत्याशित हो सकता था ।अगर देश के प्रधान मंत्री संसद में भी असुरक्षित हैं तो इससे बड़ी चिंता की कोई बात नहीं हो सकती। न तो लोक सभा अध्यक्ष ने और न सरकार ने उन सांसदों के विरुद्ध कोई कार्यवाही के लिए प्रयास नहीं किए जिनसे प्रधान मंत्री जी को खतरा था। वैसे तो सरकार को साहस दिखाना चाहिए था कि प्रधान मंत्री जी को दूसरे गेट से लोकसभा में प्रवेश करें और किसी दूसरे स्थान पर बैठकर कांग्रेस की साजिश को न केवल असफल करें बल्कि सरकार की दृढ़ता का संदेश जाना चाहिए था।

गत दिनों में कई ऐसी घटनाएं हुई हैं जिससे यह संदेश गया है कि सरकार कड़े फैसले लेने से बचती है । इतने लंबे समय से रॉबर्ट वाड्रा के विरुद्ध कोई कार्यवाही न होना और राहुल गांधी और सोनिया गांधी के विरुद्ध नेशनल हेराल्ड केस का आगे न बढ़ना कहीं न कहीं सरकार की कमजोरी को दशार्ता है। देश सरकार से मजबूत सरकार की अपेक्षा करता है, मजबूर सरकार की नहीं ।

26 Feb -26 page 2 25-02-2026 22:03 Page 1





# सीएम योगी के जापान दौरे का असर
## कृषि से ऑटो सेक्टर तक 11 हजार करोड़ के एमओयू

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जापान दौरे के पहले दिन औद्योगिक निवेश को लेकर महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ लगभग 11 हजार करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। जिन कंपनियों के साथ करार हुआ है उनमें कुबोता कारपोरेशन, मिंडा कारपोरेशन, जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री, नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, सीको एडवांस, ओएंडओ ग्रुप, फूजी जैपनीज जेवी और फूजीसिल्वरटेक कंक्रीट प्रा. लि. शामिल हैं।




ये समझौते कृषि यंत्र निर्माण, औद्योगिक मशीनरी निर्माण, जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स, औद्योगिक प्रिंटिंग एवं ग्राफिक्स, हॉस्पिटैलिटी और रियल एस्टेट जैसे विविध क्षेत्रों से जुड़े हैं। इससे विनिर्माण क्षमता के विस्तार और औद्योगिक सहयोग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

कुबोता कारपोरेशन, वर्ष 1890 में स्थापित जापान की एक अग्रणी बहुराष्ट्रीय कंपनी है और जिसका मुख्यालय ओसाका में स्थित है। यह कृषि और औद्योगिक मशीनरी निर्माण में वैश्विक पहचान रखती है। कंपनी ट्रैक्टर, हार्वेस्टर, इंजन और निर्माण उपकरण के साथ साथ जल और पर्यावरण अवसंरचना समाधान जैसे पाइप, पंप और ट्रीटमेंट सिस्टम के क्षेत्र में भी कार्यरत है। एस्कॉर्ट्स कुबोता लिमिटेड के साथ सहयोग के माध्यम से कंपनी भारत में अपने विनिर्माण विस्तार और फार्म मैकेनाइजेशन क्षेत्र में उपस्थिति को मजबूत कर रही है।

यह मैक्ट्रॉनिक्स, वायरिंग हार्नेस, प्लास्टिक इंटीरियर, सेंसर और ईवी समाधान उपलब्ध कराती है। जापान एविएशन इलेक्ट्रॉनिक्स इंडस्ट्री जिसे जेएई के नाम से जाना जाता है, ऑटोमोटिव और एयरोस्पेस सेक्टर के लिए एडवांस कनेक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक इंटरफेस समाधान में विशेषज्ञता रखती है। नागासे एंड कंपनी लिमिटेड, एक विविधीकृत जापानी ट्रेडिंग और टेक्नोलॉजी कंपनी है जो केमिकल्स, एडवांस्ड मैटेरियल्स, मोबिलिटी सॉल्यूशंस और इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में सक्रिय है। इन कंपनियों के बीच सहयोग से ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स और एडवांस कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा मिलेगा।

सीको एडवांस जापान मूल की कंपनी है जो उच्च प्रदर्शन स्क्रीन प्रिंटिंग इंक और कोटिंग सॉल्यूशंस के लिए जानी जाती है। इसके उत्पाद ऑटोमोटिव डीकल्स, इंडस्ट्रियल ग्राफिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स पैनल, ग्लास प्रिंटिंग और कंज्यूमर अप्लायंसेज में उपयोग होते हैं।

# 2027 विधानसभा चुनाव: बसपा 50% सीटों पर ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने की तैयारी में

**कानपुर।** विधानसभा चुनाव 2027 में बहुजन समाज पार्टी प्रदेश की 50 प्रतिशत सीटों पर ब्राह्मण प्रत्याशी उतारने की तैयारी में है। होली के बाद पार्टी कानपुर मंडल की 27 सीटों में से करीब 10 सीटों पर प्रभारियों की घोषणा कर सकती है। यूजीसी प्रकरण के बाद विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर उत्तर प्रदेश की राजनीति में अचानक से ब्राह्मण बिरादरी का दखल बढ़ गया है जिससे राजनीतिक दलों खासकर विपक्षी दलों की ओर से इस पर विशेष अमल किया जा रहा है। बहुजन समाज पार्टी इस पर पकड़ बनाने में सबसे आगे दिखाई दे रही है।

पार्टी प्रमुख मायावती के निर्देशन में पदाधिकारियों की ओर से इस फामूर्ले पर काम भी शुरू कर दिया गया है। तय किया गया है कि यूपी में बसपा 40 से 50 सीटों पर ब्राह्मण प्रत्याशी उतार सकती है। जालौन के माधौगढ़ सीट से इसकी शुरूआत भी हो चुकी है।

बताया जा रहा है कि प्रत्येक विधानसभा सीट पर चार-चार दावेदारों का पैनल बनाकर उनको कसौटी पर परखा जा रहा है। इन्हीं में से



एक को पहले विधानसभा क्षेत्र प्रभारी और बाद में प्रत्याशी घोषित कर दिया जाएगा। प्रभारी बनाने के बाद उसी को प्रत्याशी घोषित करने के लिए बसपा उसी विधानसभा क्षेत्र में बड़ा सम्मेलन करेगी। अकेले कानपुर मंडल की बात करें तो यहां कुल 27 विधानसभा सीटें हैं। फिलहाल बसपा के पास यहां एक भी विधायक नहीं है।

**होली बाद कानपुर मंडल की 10 सीटों पर प्रभारियों की घोषणा की संभावना :** पूरे प्रदेश की बात करें तो प्रदेश की 403 विधानसभा सीटों में से बलिया की रसड़ा सीट से एक मात्र उमाशंकर सिंह बसपा विधायक हैं। होली बाद कानपुर मंडल की करीब 10 सीटों पर प्रभारियों की घोषणा हो सकती है। बसपा इस बार पार्टी ज्यादातर सीटों पर अपनी पकड़ बनाना चाहती है, यही वजह है कि विधानसभा प्रभारियों के नाम फाइनल करने के लिए उसने संगठन में फेरबदल किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता नौशाद अली को कानपुर मंडल सहित आगरा, मेरठ और लखनऊ मंडल का प्रमुख बनाया है।

**नौशाद अली की मायावती से लखनऊ में देर तक चली वार्ता :** मंगलवार को भी संगठन और आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर नौशाद अली की बसपा प्रमुख मायावती से लखनऊ में देर तक वार्ता चली। उन्होंने बताया कि जल्द ही वह कानपुर मंडल के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। संभावना है कि होली के तुरंत बाद कानपुर मंडल में कई विधानसभा सीटों पर प्रभारियों की घोषणा कर दी जाएगी। ब्राह्मण, मुस्लिम, दलित गठजोड़ पर काम कर रही पार्टी आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए बहुजन समाज पार्टी संगठन और प्रत्याशियों का पैमाना तैयार किया है।

# एआई समिट के बाद भाजपा-कांग्रेस में जुबानी जंग
## पीयूष गोयल के राहुल पर तीखे सवाल

**नई दिल्ली।** एआई समिट की प्रदर्शन में भारतीय युवा कांग्रेस (आईवाईसी) के कार्यकताओं के शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के बाद कांग्रेस और भाजपा के बीच जुबानी जंग जारी है। इसी कड़ी में, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी से तीखे सवाल पूछे। उन्होंने देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर का भी जिक्र किया।

पीयूष गोयल ने कहा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पटना में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि किस तरह गांधी परिवार 'समझौता करने वाली राजनीति' का उदाहरण रहा है। पीयूष गोयल ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी लगातार देशहित से समझौता करती रही है। उन्होंने कहा, कांग्रेस का इतिहास हो या वर्तमान या फिर भ्रष्टाचार से जुड़े विभिन्न मामले, इन सभी से संकेत मिलते हैं कि पार्टी विदेशी ताकतों के प्रभाव में जनहित और राष्ट्रहित से समझौता करती रही है। इस तरह की राजनीति देश और देशवासियों के उज्ज्वल भविष्य को नुकसान पहुंचाती है और इसके अनेक उदाहरण जनता के सामने हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी कभी सोरोस तो कभी पाकिस्तान जैसे मुद्दों पर अपने ही देश के खिलाफ रुख अपनाते नजर आते हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने भारत की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का काम किया है और वह विदेशी ताकतों के प्रभाव में काम करते दिखाई देते हैं।

गोयल ने राहुल गांधी को 'नकारात्मक राजनीति के पोस्टर ब्वॉय' बताते हुए कहा कि वह 247 बार विदेश यात्राएं कर चुके हैं और कई बार प्रोटोकॉल की अनदेखी की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संवेदनशील सीमा क्षेत्र लद्दाख में राहुल गांधी ऐसे विदेशी व्यक्तियों के संपर्क में रहे जो भारत के हितों के खिलाफ काम करते हैं।

बोफोर्स मामले का जिक्र करते हुए गोयल ने कहा कि एक मित्र ओटावियो को बचाने के लिए निष्पक्ष जांच नहीं होने दी गई और गांधी परिवार ने देश से समझौता किया। उन्होंने यह भी कहा कि इंदिरा गांधी के दौर में भी कांग्रेस पर विदेशी एजेंसियों के प्रभाव के आरोप लगते रहे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केवल सोनिया गांधी और राहुल गांधी ही नहीं, बल्कि जवाहरलाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक, परिवार के कई नेताओं पर देशहित से समझौते के आरोप लगे। उन्होंने 1971 के शिमला समझौते का उल्लेख करते हुए कहा कि 93 हजार पाकिस्तानी युद्धबंदियों को रिहा कर दिया गया, लेकिन पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर वापस क्यों नहीं लिया गया?

उन्होंने यह भी कहा कि 1954 में नेहरू ने तिब्बत में भारत के अधिकार छोड़ दिए थे, जो एक और बड़ा समझौता था। उन्होंने दावा किया कि नेहरू-गांधी परिवार की राजनीति हमेशा से देशहित के साथ समझौते की रही है।

# मुस्लिम दुकानदार के पक्ष में खड़े जिम संचालक दीपक की राहुल गांधी ने की सराहना, कहा–नफरत के खिलाफ डटकर खड़े हुए

**कोटद्वार।** कोटद्वार में मुस्लिम दुकानदार के समर्थन में खड़े हुए जिम संचालक दीपक कुमार को राहुल गांधी ने सच्चा देशभक्त बताया है। मोहम्मद दीपक के नाम से चर्चित दीपक ने बजरंग दल के प्रदर्शन का विरोध किया था। मामले में तीन एफआईआर दर्ज हैं। विवाद के बाद उनका कारोबार प्रभावित हुआ है।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उत्तराखंड के कोटद्वार के जिम संचालक दीपक कुमार की सराहना करते हुए उन्हें सच्चा देशभक्त बताया है। राहुल ने कहा कि दीपक ने नफरत के खिलाफ डटकर कमजोर की रक्षा की और इससे बड़ी देशभक्ति कोई नहीं हो सकती। दीपक उस समय चर्चा में आए जब उन्होंने बजरंग दल के कार्यकताओं का विरोध किया, जो कथित तौर पर एक मुस्लिम दुकानदार को परेशान कर रहे थे।

> दीपक ने हमारे तिरंगे और संविधान की रक्षा की है। नफरत के सामने डटकर खड़ा हुआ। कमजोर की हिफाजत की। इससे बड़ी कोई देशभक्ति नहीं होती।
>
> राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद



राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर दीपक कुमार और उनके मित्र विजय रावत के साथ मुलाकात का वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा कि देश में करोड़ों लोगों के दिल में प्रेम और सौहार्द की भावना है, लेकिन मन में डर भी है।

दीपक ने अपने साहस से लोगों को रास्ता दिखाया है। जो लोग नफरत फैलाते हैं और समाज को डराते हैं, वे कायर हैं। उनसे डरने की जरूरत नहीं है। राहुल ने कहा कि दीपक ने तिरंगे और संविधान की रक्षा की है।

### क्या है पूरा मामला?

यह घटना 26 जनवरी की है। कोटद्वार के पटेल मार्ग पर स्थित बाबा नाम की कपड़ों की दुकान के बाहर बजरंग दल के कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप था कि 70 वर्षीय दुकानदार वकील अहमद को दुकान का नाम बदलना चाहिए। इसी दौरान झड़प हुई। दुकानदार के बेटे के मित्र दीपक कुमार ने हस्तक्षेप किया और खुद को ह्यमोहम्मद दीपक बताते हुए प्रदर्शनकारियों का सामना किया। इसके बाद स्थिति तनावपूर्ण हो गई।

### दोबारा हुआ प्रदर्शन

31 जनवरी को फिर से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता दुकान और दीपक के जिम के बाहर जमा हुए। सड़क जाम की गई और नारेबाजी हुई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात काबू में किए और बड़ा टकराव टल गया। इस पूरे घटनाक्रम में तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। दीपक कुमार 42 वर्ष के हैं और ह्यद हल्कह्न नाम से जिम चलाते हैं। उनका कहना है कि इस विवाद के बाद उनका कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

### राहुल की मुलाकात और समर्थन

राहुल गांधी ने दीपक कुमार से दिल्ली स्थित 10 जनपथ पर मुलाकात की। इस दौरान कांग्रेस नेता वैभव वालिया और अन्य लोग भी मौजूद थे। दीपक की मुलाकात कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी से भी हुई। राहुल ने दीपक की पत्नी से भी बात की और कहा कि डरने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आश्वासन दिया कि वह कोटद्वार आकर उनसे मिलेंगे।

# सीएम से मिली नॉर्थ ईस्ट की युवतियां, रेखा गुप्ता बोलीं
## यहां नफरत और भेदभाव के लिए जगह नहीं



### दिल्ली सरकार का सख्त रुख

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया पोस्ट में अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि दिल्ली हर किसी की है और हर नागरिक की गरिमा सर्वोपरि है। मुख्यमंत्री ने स्वयं प्रभावित छात्राओं से मिलने की बात कही है। उन्होंने पुलिस को दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। किसी भी बेटी को तंग करना, भेदभाव करना या अपमानित करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

**नई दिल्ली।** दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता ने नॉर्थ ईस्ट के युवाओं से मुलाकात की और नस्लभेद की घटना पर सख्त एक्शन का भरोसा दिया है। सीएम ने नॉर्थ ईस्ट के उन युवा दोस्तों से मुलाकात की जो मालवीय नगर में हालिया नस्लीय दुर्व्यवहार की दुखद घटना से प्रभावित हुए हैं।

आगे लिखा कि मैंने उन्हें इस मुश्किल समय में अपना पूरा सपोर्ट देने का भरोसा दिया है। इस घटना में शामिल बदमाशों के खिलाफ सख्त से सख्त एक्शन लिया जाएगा।

दिल्ली में नफरत, भेदभाव, धमकी या नस्लभेद के लिए बिल्कुल कोई जगह नहीं है। उन्होंने अभद्र भाषा का प्रयोग कर जान से मारने की धमकी भी दी थी। यह विवाद एसी लगवाने के दौरान पड़ोसी के घर में धूल गिरने से शुरू हुआ था। करीब चार मिनट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ। वीडियो में दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस होती दिख रही है। इस घटना पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने घटना पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाओं को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सिंधिया ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू से भी इस विषय पर बात की है।

### मालवीय नगर नस्लीय टिप्पणी पर पति-पत्नी गिरफ्तार

मालवीय नगर इलाके में एसी लगवाने के दौरान हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है। पड़ोसी पर नॉर्थ ईस्ट की लड़कियों पर नस्लीय टिप्पणी करने का आरोप है। यह मामला वीडियो वायरल होने के बाद सुर्खियों में आया था। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी महिला रूबी जैन और उसके पति हर्ष को पुलिस ने पकड़ा है। जांच के दौरान अनुसूचित जाति और जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराएं जोड़ी गई हैं। छात्राओं ने आरोप लगाया कि पड़ोसी शख्स व उसकी पत्नी ने नस्लीय टिप्पणी की।

# न्यायपालिका से जुड़ी सामग्री हटाएगी सरकार, सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद फैसला

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका से जुड़ा एक खंड शामिल किया गया था। इस संशोधित खंड में लिखा गया है कि भ्रष्टाचार, लंबित मामलों का भारी बोझ और न्यायाधीशों की पर्याप्त संख्या की कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में से हैं।

एनसीईआरटी की कक्षा आठ की एक किताब में न्यायपालिका से जुड़ी विवादित सामग्री पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को गंभीर आपत्ति जताई थी। सूत्रों ने बुधवार को बताया कि एनसीईआरटी की कक्षा आठ की किताब में न्यायिक भ्रष्टाचार से संबंधित विवादास्पद अंशों को हटाया जा सकता है, क्योंकि सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है। परिषद ने पुस्तक को अपनी वेबसाइट से हटा दिया है। इस बीच बताया जा रहा है कि एनसीईआरटी ने अध्याय से जुड़े विषय विशेषज्ञों और इसे मंजूरी देने वाले अधिकारियों की सिफारिशों की समीक्षा करने के लिए एक आंतरिक



बैठक बुलाई है। पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक एनसीईआरटी के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सकलानी ने इस मुद्दे पर फोन और संदेशों का जवाब नहीं दिया। परिषद के एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने यह कहते हुए टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि मामला अभी न्यायालय में विचाराधीन है।

### एनसीईआरटी विवाद पर क्या बोली सरकार?

सरकारी सूत्रों ने कहा कि एनसीईआरटी एक स्वायत्त संस्था है, लेकिन अध्याय जोड़ने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को सोच-समझकर निर्णय लेना चाहिए था। उन्होंने कहा कि यदि भ्रष्टाचार के मुद्दे को पाठ्यपुस्तक में शामिल करना ही था, तो इसे कार्यपालिका, न्यायपालिका और विधायिका - तीनों अंगों से संबंधित होना चाहिए था।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने बुधवार को राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की नई पाठ्यपुस्तक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के संदर्भों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि किसी को भी इस संस्था को 'बदनाम या अपमानित' करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### सीजेआई सूर्यकांत की टिप्पणी- एक दिन रुकिए

इसके जवाब में, मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि वह पहले से ही इस विवाद से अवगत थे और उन्हें न्यायपालिका के सदस्यों से इस मामले पर चिंता व्यक्त करने वाले कई पत्र प्राप्त हुए थे। मुख्य न्यायाधीश ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पुस्तक की सामग्री से कई उच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी परेशान थे। जब सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से स्वतः संज्ञान लेने का आग्रह किया, तो सीजेआई ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे पर पहले ही कार्यवाही शुरू कर दी है।
सीजेआई ने टिप्पणी की, 'एक दिन रुकिए। यह निश्चित रूप से पूरी संस्था के लिए चिंता का विषय है। मैं धरती पर किसी को भी इस संस्था की गरिमा को धूमिल करने और इसे बदनाम करने की अनुमति नहीं दूंगा। किसी भी कीमत पर मैं इसे बर्दाश्त नहीं करूंगा। चाहे वह कितना भी ऊंचा पद पर हो, कानून अपना काम करेगा। मुझे पता है कि इससे कैसे निपटना है।'

### सुप्रीम कोर्ट में किसने उठाया मामला?

यह मामला मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ के सामने तब आया, जब वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने संशोधित पाठ्यपुस्तक की विषयवस्तु पर चिंता व्यक्त की। सिब्बल ने कहा कि कानूनी बिरादरी के सदस्य इस बात से बहुत चिंतित थे कि स्कूली बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा था। उन्होंने इसे पूरी तरह से निंदनीय बताया।

वरिष्ठ वकील ने शीर्ष अदालत को बताया, 'इस संस्था के सदस्य होने के नाते हमें यह जानकर गहरा दुख हुआ है कि कक्षा 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है। संस्था से हमारा गहरा संबंध है। हमारे पास पुस्तक की प्रतियां मौजूद हैं।'

# अनिल अंबानी का 3716 करोड़ रुपये का मुंबई स्थित घर एबोड कुक





**नई दिल्ली।** भारतीय कॉर्पोरेट जगत से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत सख्त कदम उठाते हुए जाने-माने उद्योगपति अनिल अंबानी की संपत्ति पर बड़ी कार्रवाई की है।

सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, केंद्रीय जांच एजेंसी (ईडी) ने अनिल अंबानी के मुंबई स्थित आलीशान घर को कुर्क कर लिया है। इस जब्ती से जुड़े मुख्य तथ्य इस प्रकार हैं आवास का नाम और स्थान: ईडी द्वारा कुर्क किए गए अनिल अंबानी के इस घर का नाम 'एबोड' है, जो मुंबई में स्थित है। संपत्ति की कीमत: आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, इस बहुमूल्य संपत्ति की कुल कीमत लगभग 3,716 करोड़ रुपये आंकी गई है। कानूनी आधार: यह बड़ी कुर्की मनी लॉन्ड्रिंग निवारण अधिनियम के सख्त प्रावधानों के तहत की गई है। यह वित्तीय जब्ती स्पष्ट रूप से दशार्ती है कि जांच एजेंसियां वित्तीय अनियमितताओं और मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों में कड़ा रुख अपना रही हैं।

# दो से अधिक बच्चे वाले भी आजमा सकेंगे चुनावी दांव

**राजस्थान।** राज्य कैबिनेट ने 1995 से लागू दो से अधिक संतान वालों पर निकाय और पंचायतीराज चुनाव लड़ने की पाबंदी हटाने के लिए संशोधन बिलों को मंजूरी दी। अजमेर में आयुर्वेद विश्वविद्यालय, नया आर्थिक अपराध निदेशालय और भारत मंडपम परियोजना संशोधन को भी स्वीकृति मिली।

राजस्थान में अब दो से ज्यादा संतान वाले व्यक्ति भी पंचायतीराज और शहरी निकाय चुनाव लड़ सकेंगे। राज्य कैबिनेट की बैठक में 30 वर्ष पहले वर्ष 1995 में तत्कालीन भैरोंसिंह शेखावत सरकार द्वारा लागू किए गए प्रावधान को बदलने का निर्णय लिया गया। उस समय पंचायतीराज कानून और राजस्थान नगरपालिका कानून में संशोधन कर दो से अधिक बच्चों वाले व्यक्तियों के चुनाव लड़ने पर रोक लगाई गई थी। अब इस प्रावधान को समाप्त करने की दिशा में कदम उठाया गया है, जिससे स्थानीय निकाय और पंचायतीराज की राजनीति पर प्रभाव पड़ने की संभावना



है। कानून मंत्री जोगाराम पटेल ने बताया कि कैबिनेट ने राजस्थान पंचायतीराज संशोधन बिल और राजस्थान नगरपालिका संशोधन बिल 2026 को मंजूरी दे दी है।

इन संशोधनों के बाद दो से ज्यादा बच्चों वाले व्यक्तियों के निकाय और पंचायत चुनाव लड़ने पर लगी रोक हटा दी जाएगी।

# बीएसपी विधायक के घर इनकम टैक्स का छापा
## मंत्री दिनेश प्रताप ने जताई नाराजगी, लिखा- भगवान सद्बुद्धि दे

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बुधवार को बीएसपी विधायक उमाशंकर सिंह के घर इनकम टैक्स की टीम ने छापा मारा। उमाशंकर सिंह बीएसपी के इकलौते विधायक हैं। वह कैंसर से पीड़ित हैं। दो बार उनका ऑपरेशन हो चुका है। लखनऊ स्थित आवास में वह आइसोलेशन में रहते हैं।

50 से ज्यादा अफसर पुलिस टीम के साथ उनके घर पर कार्रवाई कर रहे हैं। डॉक्टर और नर्स के भी आने-जाने पर रोक लगा दी गई है। गोमतीनगर में उनका आवास और दफ्तर है।

आयकर विभाग की इस कार्रवाई पर योगी सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने नाराजगी जताई है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि बलिया के रसड़ा से विधायक उमाशंकर सिंह के घर मेरी बेटी ब्याही है। उनके घर में आज आयकर विभाग की टीम छापा मार रही



है। देश-प्रदेश के राजनेता, आयकर सहित सभी संस्थाओं को पता है कि उमाशंकर सिंह दो वर्ष से अधिक से जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं। वर्तमान परिस्थितियों में उनके लिए धनार्जन नहीं सांसें बचाने में ही सारा समय और धन व्यय हो रहा है। सभी व्यवसाय लगभग बंद हो गए हैं। आज अपने आवास में आइसोलेशन में रह रहे हैं। उन्होंने आगे लिखा कि विधानसभा का सत्र एक विधायक के लिए महत्वपूर्ण होता है, लेकिन एक घंटे के लिए भी नहीं जा सके। इस समय उनके घर पर नर्स या डॉक्टर को भी जाने की अनुमति नहीं है। यदि उनके जीवन को कोई हानि होती हैं तो ये संवेदनहीन संस्थाएं जिम्मेदार होंगी। इस प्रकार की परिस्थितियों में दुर्लभतम अपराधों में भी माननीय न्यायालय दया के आधार पर याचिका स्वीकार करके दोष मुक्त कर देते हैं। किंतु, इस कठिन दौर में भी कौन संवेदनहीन राजनेता या संस्था हो सकती हैं जो ऐसी परिस्थितियों में भी पीड़ा देने की सोच सकता है। प्रभु ऐसे लोगों को और संस्थाओं को सद्बुद्धि दे।

### दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दो युवकों की मौत

**अमेठी।** अमेठी में बुधवार को दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। आगे की कार्रवाई की जा रही है। हादसा बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के फुंदनपुर के पास माइनर पुलिया के पास हुआ। मूल रूप से बाहरपुर के पूरे जबर निवासी योगेंद्र सिंह (18) और किशनी निवासी अलाउद्दीन (25) हादसे का शिकार हुए। अलाउद्दीन के पिता मोहम्मद अजीज ने बताया कि वह मंगलवार को देहरादून से घर आया था।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमने अपने पुत्र समीर पुत्र मन्ने खान एवं पुत्रवधू सानिया मिर्जा पत्नी मन्ने खान को उनके गलत कृत्य व व्यवहार के कारण अपनी चल चल संपत्ति से बेदखलकर संबंध विच्छेद कर दिया है भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

प्रार्थीगण
मन्ने खान पुत्र शमशाद व रिजवान बेगम पत्नी मन्ने खान निवासी सी 304 शहीद नगर थाना साहिबाबाद जिला गाजियाबाद उत्तर प्रदेश

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। गुरुवार 26 फरवरी -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# तेंदुए ने करा दी स्कूल की परीक्षा रद

## 7 घंटे के रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद किया गया पिंजरे में कैद



### गोविंदपुरम से एनडीआरएफ रोड तक थमा रहा शहर

### ड्रोन-सीसीटीवी-ट्रेंकुलाइजर से चला पूरा ऑपरेशन

### स्कूल में घुसा तेंदुआ, सुबह होते ही फैल गई थी दहशत

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बुधवार सुबह करीब छह बजे गाजियाबाद के गोविंदपुरम इलाके स्थित ग्रीन फील्ड पब्लिक स्कूल में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब स्कूल परिसर के अंदर तेंदुआ दिखाई दिया। बताया गया कि तेंदुआ मंगलवार रात को एनडीआरएफ रोड क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों में भी कैद हुआ था। बुधवार सुबह उसने स्कूल की दीवार फांदकर परिसर में प्रवेश किया।

तेंदुए ने कक्षाओं में घुसने की कोशिश की, लेकिन सभी दरवाजे बंद होने के कारण वह अंदर नहीं जा सका।

कुछ देर तक मैदान में घूमने के बाद वह स्कूल के एक बाथरूम में जाकर छिप गया। सीसीटीवी फुटेज सामने आते ही स्कूल स्टाफ और आसपास के लोगों में दहशत फैल गई। रेस्कू के बाद तेंदुए को सहानरपुर के जंगलों को भेजा गया है।



### वरिष्ठ भाजपा नेता पृथ्वी सिंह का है स्कूल



करंट क्राइम बुधवार की सुबह गोविंदपुर स्थित ग्रीन फील्ड स्कूल में जहां तेंदुआ निकला वह भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पृथ्वी सिंह का स्कूल है। स्कूल में बड़ी संख्या मैं छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। यह स्कूल कक्षा 12वीं तक के विद्यार्थी का है। इन दिनों परीक्षाएं चल रही हैं। ऐसे में बुधवार को 11वीं कक्षा की परीक्षा थी, सुबह करीब 6 :45 बजे से ही तेंदुए के स्कूल में होने की बात सामने आई थी। जिसके बाद अभिभावकों को एसएमएस के जरिए अलर्ट कर दिया गया था, कि आज की परीक्षा स्थगित कर दी गई है और बच्चों को स्कूल ना भेजा जाए।

### परीक्षा रद्द कर स्कूल करवाया गया खाली, प्रशासन रहा अलर्ट मोड पर

करंट क्राइम : तेंदुए की पुष्टि होते ही स्कूल प्रबंधन ने तत्काल बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कक्षा 11वीं की परीक्षा तुरंत निरस्त कर दी गई। वहीं अभिभावकों को मैसेज भेजकर बच्चों को स्कूल न भेजने की अपील की, तो पूरे स्कूल परिसर को खाली कर सभी गेट बंद कर दिए गए। सूचना मिलते ही एसीपी कविनगर सूर्यबली मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्कूल के आसपास बैरिकेडिंग की गई, एनडीआरएफ रोड पर ट्रैफिक डायवर्ट कराया गया। सोशल मीडिया पर खबर फैलते ही सैकड़ों लोग मौके पर जमा हो गए, जिससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस फोर्स तैनात करनी पड़ी।









### ड्रोन, कैमरों और जाल से 7 घंटे चला हाई-रिस्क रेस्क्यू

करंट क्राइम : तेंदुए की सटीक लोकेशन और मूवमेंट पर नजर रखने के लिए पुलिस और वन विभाग ने संयुक्त रणनीति अपनाई गई। ड्रोन कैमरों से स्कूल और आसपास के इलाके की हवाई निगरानी की गई। तो सीसीटीवी फुटेज के जरिए तेंदुए की हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। तो वहीं आसपास के रास्तों पर जाल बिछाकर इलाके को सील किया गया। बाथरूम में छिपे तेंदुए को बेहोश करने के लिए ट्रेंकुलाइजर गन से पहले दो शॉट दागे गए, लेकिन उसका असर नहीं हुआ। इसके बाद खिड़की का शीशा तोड़कर दोबारा शॉट लगाए गए। अंत में बाथरूम की दीवार में छेद कर बेहोशी की दवा दी गई। करीब 7 घंटे तक चले जोखिम भरे ऑपरेशन के बाद तेंदुआ पूरी तरह बेहोश हुआ।

### मेरठ की स्पेशल टीम ने दबोचा, फिर खड़े हुए बड़े सवाल

करंट क्राइम : मेरठ से बुलाई गई वन विभाग की स्पेशल कैचर टीम ने तेंदुए को सुरक्षित तरीके से पिंजरे में बंद किया। राहत की बात यह रही कि इस लंबे रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान किसी छात्र, शिक्षक या आम नागरिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। हालांकि गाजियाबाद में तेंदुए की यह घटना कोई पहली नहीं है। इससे पहले भी राजनगर आरडीसी,मसूरी के खेतों,दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर वाहन से टकराकर तेंदुए की मौत हुई थी। तो हिंडन एयर फोर्स स्टेशन और साहिबाबाद-भोपुरा क्षेत्र जैसे इलाकों में भी तेंदुए की दहशत देखी जा चुकी है।

### लगातार आबादी में आते हैं तेंदुए

करंट क्राइम : ग्रीन फील्ड स्कूल की यह घटना शहरी इलाकों में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष की गंभीर तस्वीर पेश करती है। बार-बार सामने आ रही ऐसी घटनाएं यह सवाल खड़ा कर रही हैं कि आखिर तेंदुए शहरों में कहां से आ रहे हैं और उन्हें रोकने के लिए स्थायी व ठोस योजना कब बनेगी? फिलहाल एक बड़ा हादसा टल गया, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है।

# होली की तैयारियों में जुटा गाजियाबाद नगर निगम

## 250 से अधिक स्थानों पर होगा होलिका दहन




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** महापर्व होली को लेकर गाजियाबाद नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर स्वास्थ्य, जलकल और निर्माण विभाग समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। निर्माण विभाग द्वारा 250 से अधिक चिन्हित स्थानों पर होलिका दहन से पहले मिट्टी डलवाई जा रही है और सीधे सड़क पर होलिका दहन न करने की अपील की गई है। विभिन्न जोनों-वसुंधरा, कविनगर, विजयनगर, सिटी, इंदिरापुरम और मोहन नगर-में यह कार्य कराया जा रहा है। मुख्य अभियंता नरेंद्र कुमार चौधरी ने पार्षदों से समन्वय कर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए हैं।जलकल विभाग के अनुसार होलिका दहन स्थलों पर जरूरत पड़ने पर पानी के टैंकर लगाए जाएंगे तथा रंग वाली होली के दिन सुबह-शाम के साथ दोपहर में भी जलापूर्ति होगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा होलिका दहन के बाद तेजी से सफाई अभियान चलाया जाएगा। नगर निगम ने शहरवासियों से होली के रंग, स्वच्छता के संग मनाने और सुरक्षा व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की अपील की है।

# मानना पड़ेगा कुछ अलग ही है लोकसभा सांसद अतुल गर्ग का अंदाज नहीं बन सकती ऐलीवेटिड रोड, कह दी ये भी खुले में बात



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में आमतौर पर उपलब्धियां बताई जाती हैं और विफलताएं छुपाई जाती है। उपलब्धि की बात हो तो उसके प्रेस नोट भेजे जाते हैं और कोई प्रोजेक्ट नही बन रहा है तो फिर उस पर कह दिया जाता है कि कार्यवाही चल रही है। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की एक खूबी है कि वो अपनी बात को स्पष्ट कहते हैं, बिना लाग लपेट के कहते हैं और वो राजनीति की उस परिभाषा के नेता हैं जहां झूठ नहीं बोला जाता। वो सच बोलते हैं और लोगों को उनका ये अंदाज भाता है। बीते दिनों ये खबर थी कि घंटाघर से लेकर भाटिया मोड़ फ्लाईओवर तक ऐलीवेटिड रोड बन रहा है। सूत्र बताते हैं कि इसी डीपीआर भी तैयार हो गई थी और सब ये मानकर चल रहे थे कि अब ठाकुरद्वारा से लेकर भाटिया मोड तक जाम की समस्या खत्म हो जायेगी। क्योंकि यहां पर हैवी ट्रैफिक इसी ऐलीवेटिड रोड से होता हुए निकलेगा। मगर सूत्र बताते हैं कि अब इस प्रोजेक्ट में बाधा आ गई है और शायद ये अब नहीं बनेगा। यहां पर सांसद अतुल गर्ग की साफगोई की तारीफ करनी होगी कि उन्हेंने पत्र जारी कर बताया। वो चाहते तो इस बात को चुपचाप दबा सकते थे। वो चाहते तो किसी को नहीं बताते। लेकिन उन्होंने आगे आकर ये बात बताई और पत्र के जरिए बताया कि ये रोड नहीं बन सकेगा। उसकी वजह भी बताई और उस पत्र का भी हवाला दिया जो उन्होंने केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को लिखा था और नितिन गडकरी ने उस पत्र का जवाब दिया था।

**लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की एक खूबी है कि वो अपनी बात को स्पष्ट कहते हैं, बिना लाग लपेट के कहते हैं और वो राजनीति की उस परिभाषा के नेता हैं जहां झूठ नहीं बोला जाता। वो सच बोलते हैं और लोगों को उनका ये अंदाज भाता है।**


### खत्म हुआ किस्सा क्योंकि ये रोड नहीं है हाई-वे का हिस्सा

करंट क्राइम। लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने पत्र लिखा था और इस पत्र के जवाब में केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी का पत्र सांसद अतुल गर्ग के पास आया। उन्होंने लिखा कि 4 नवम्बर 2025 को पत्र लिखा था जिसमें जीटी रोड एनएच-34 पर दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे के नए बस स्टेंड गाजियाबाद से दौलतपुरा तक लगभग 4किमी मार्ग पर ऐलीवेटिड रोड के निर्माण करने का अनुरोध किया है। इस संबंध में आपको अवगत चाहूंगा कि जीटी रोड न्यू एनएच-34 दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे के लालकुआं गाजियाबाद से ज्ञानी बॉर्डर यानी दिल्ली यूपी बॉर्डर तक के कुल 14 किमी तक राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा नहीं है। ये पत्र केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने जब सांसद को लिखा तो फिर गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने पूरे शहर की जनता को अवगत कराया और बता दिया कि यह पत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें अवगत कराया गया है कि यह मार्ग राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा नहीं है।

### खत्म नहीं हुआ किस्सा जारी रहेंगे प्रयास

करंट क्राइम। सांसद अतुल गग अपनी लोकसभा को लेकर पूरी तरह से एक्टिव मोड में रहते हैं। उनके अंदाज फिर से दिखाई दिये और ये अंदाज कुछ ऐसे थे कि जब हम अपनी लोकसभा की जमीन से प्लेन उड़ा सकते हैं तो ऐलीवेटिड भी बनवा सकते हैं। अतुल गर्ग ने जनता के नाम पत्र लिखा और जिक्र किया कि केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी बता रहे हैं कि यह राष्ट्रीय राजमार्ग का हिस्सा नहीं हैं। लेकिन अतुल गर्ग अपनी ऊर्जा के साथ फिर से पत्र में वापस लौटे और लिखा कि भले ही वर्तमान में राष्ट्रीय राजमार्ग के अन्तर्गत नहीं आता लेकिन इस ऐलीवेटिड रोड के निर्माण हेतु प्रयास जारी रहेंगे।

# फूलों, जायकों और आस्था की महक से सजेगा फ्लॉवर-शो और चटकारा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद में इस बार खुशबू, रंग, स्वाद और आस्था-चारों का ऐसा भव्य संगम बनने जा रहा है, जो शहर के इतिहास में एक यादगार अध्याय जोड़ देगा।

लैंड क्राफ्ट सोसाइटी में 27, 28 फरवरी और 1 मार्च को आयोजित होने वाला फ्लावर शो एवं चटकारा फूड फेस्ट न सिर्फ देखने में भव्य होगा, बल्कि स्वाद और भावनाओं से भी लोगों को पूरी तरह सराबोर कर देगा। फूलों की खुशबू और पकवानों की महक साथ-साथ बहेगी, जिसमें तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में जैसे ही लोग कदम रखेंगे, चारों ओर रंग-बिरंगे फूलों की साज-सज्जा और लाजवाब व्यंजनों की खुशबू उनका स्वागत करेगी। आयोजक ललित जायसवाल की अगुवाई में इस बार मेले को पहले से कहीं अधिक भव्य, हाईटेक और थीम आधारित रूप दिया जा रहा है।




### दिल्ली-लखनऊ का शाही जायका, जीतेगा गाजियाबाद वालों का दिल

करंट क्राइम : इस बार का फूड कोर्ट मेले की सबसे बड़ी पहचान बनने जा रहा है। जानकारी के मुताबिक, दिल्ली के ऐतिहासिक रामलीला मैदान और लाल किला जैसे बड़े आयोजनों में कैटरिंग कर चुकी छोटू लाल हलवाई की टीम गाजियाबाद में अपने खास स्वाद का जादू बिखेरेगी। यहां एक ही जगह मिलेगा पर दिल्ली की मशहूर पत्ते की कचौड़ी और चटपटी चाट मिलेगी। वहीं छोले-भटूरे और करारे पकौड़े, साउथ एक्स की स्पेशल भेलपुरी, लखनऊ के मशहूर टुंडे कवाबी के स्वाद की याद दिलाने वाले नरम, खुशबूदार कबाब रहेंगे। तो वेज और नॉनवेज दोनों विकल्पों के साथ पंजाबी, देसी, चाइनीज और फास्ट फूड की ऐसी वैरायटी होगी कि हर उम्र और हर स्वाद के लोग खुद को रोक नहीं पाएंगे। कबाबों की खुशबू दूर से ही लोगों को अपनी ओर खींच लाएगी।




### हाईटेक फ्लावर शो में दिखेगी रंगों की जिंदा तस्वीरें




करंट क्राइम : फ्लावर शो को इस बार केवल प्रदर्शनी नहीं, बल्कि एक विजुअल एक्सपीरियंस बनाया जा रहा है। गुलाब, गेंदा, गुड़हल, लिली और ऑर्किड जैसे फूल कैक्टस की दुर्लभ और आकर्षक वैरायटी देसी और विदेशी फूलों से सजे थीम गार्डन, इन सभी को आधुनिक लाइटिंग, डिजाइन और कलात्मक सजावट के साथ प्रस्तुत किया जाएगा। यहां लोग सिर्फ फूल नहीं देखेंगे, बल्कि रील, सेल्फी और यादगार तस्वीरें भी बनाएंगे।




### आस्था और संस्कृति का भव्य संगम

करंट क्राइम : इस आयोजन में मनोरंजन के साथ धार्मिक भावनाओं को भी खास जगह दी गई है। मेले का मुख्य गेट भगवान राम दरबार की भव्य प्रतिकृति के रूप में सजाया जाएगा, जो अयोध्या और भारतीय संस्कृति की याद दिलाएगा। धनुष के आकार में बनी आकर्षक छटा, तो शिवजी के डमरू की कलात्मक संरचना, रोशनी और ध्वनि के साथ आध्यात्मिक वातावरण, यह सब मिलकर ऐसा माहौल बनाएगा कि लोग केवल घूमने ही नहीं आएंगे, बल्कि एक सांस्कृतिक और धार्मिक अनुभूति भी अपने साथ लेकर जाएंगे। बता दें कि तीन दिन तक चलने वाले इस महोत्सव में बच्चे रंगीन फूलों और सजावट से खुश होंगे। युवा सेल्फी, रील और फूड टेस्टिंग का मजा लेंगे। बुजुर्गों को धार्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव का सुकून मिलेगा। कुल मिलाकर गाजियाबाद का यह फ्लावर शो और चटकारा फूड फेस्ट केवल एक मेला नहीं, बल्कि स्वाद, सौंदर्य और संस्कृति का उत्सव होगा। ऐसा आयोजन, जहां आंखें रंगों से भरेंगी, दिल आस्था से और जुबान लाजवाब जायकों से और यही वजह है कि यह तीन दिन शहरवासियों के लिए लंबे समय तक यादगार रहने वाले हैं।

### डीएम दीपक कुमार मांदड़ करेंगे 27 फरवरी को उद्घाटन



करंट क्राइम: फ्लावर शो एवं चटकारे कार्यक्रम का शुभारंभ 27 फरवरी को शाम 5 :00 बजे जिलाधिकारी दीपक कुमार मांदड के द्वारा किया जाएगा। आयोजक ललित जायसवाल ने बताया है कि इसमें हजारों लोग आएंगे। फ्लावर शो में नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, नॉएडा डेवलपमेंट अथॉरिटी, ग्रेटर नोएडा डेवलपमेंट अथॉरिटी, अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग कॉलेज और अन्य संस्थाएं भी भाग लेंगे। इस बार विशेष रूप से अर्बन गार्डनिंग जैसे हाइड्रोपोनिक, एक्वेपोनिक और एयरोपोनिक के द्वारा किस प्रकार से पौधे लगाए जाते हैं, इसकी भी जानकारी दी जाएगी। तीन दिनों तक यहां कला-संस्कृति, पकवान और पर्यावरण का संगम भी देखने को मिलेगा।

## संपादकीय

# डिजिटल हिंसा का खतरा

संवाद की कमी और डिजिटल हिंसा बच्चों को अपनों का ही कातिल बना रही है। रिश्तों के बीच बढ़ता दबाव और घटती संवेदनाएं समाज के लिए चेतावनी हैं। आधुनिक दौर में जीवन की आपाधापी के बीच हर जगह प्रतिस्पर्धा, निजी स्वार्थ और व्यक्तिगत आजादी की चाह में पारिवारिक मूल्य का महत्त्व कम होता जा रहा है। बच्चों और अभिभावकों के बीच समझ एवं समन्वय तथा स्नेह और सम्मान की भावना से जुड़े धागे कमजोर पड़ने लगे हैं। कई बार तो हालात ऐसे हो जाते हैं कि औलाद अपने माता-पिता को ही दुश्मन मान बैठती है और उनकी जान तक लेने को तैयार हो जाती है।

उत्तर प्रदेश में लखनऊ के आशियाना इलाके में एक ऐसी ही दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है, जहां एक बेटे ने अपने पिता की गोली मारकर हत्या कर दी और उसके शव को टुकड़ों में काटकर एक हिस्से को ड्रम में छिपा दिया। हालांकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, मगर सवाल है कि किसी सामान्य परिवार के बच्चे में इस तरह की आपराधिक मानसिकता आ कहां से रही है?

क्या वजह है कि जिस समस्या को संवाद के जरिए आसानी से सुलझाया जा सकता है, वह इतनी जटिल हो जाती है कि संवेदनाएं सुन्न पड़ जाती हैं और आक्रामकता रिश्तों का भी खून कर देती है। इसमें दोराय नहीं कि आज बच्चों की परवरिश पर परिवार के अलावा डिजिटल जगत का प्रभाव भी साफ देखा जा रहा है। स्मार्टफोन और इंटरनेट की सुलभ उपलब्धता से बच्चों की ऐसी सामग्री तक पहुंच आसान हो गई है, जो उनके कोमल मन पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है। मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि हिंसा और अपराध से जुड़ी सामग्री बार-बार देखने-सुनने से बच्चों में हिंसक प्रवृत्ति का बढ़ना स्वाभाविक है। लखनऊ में हुई वारदात में प्रारंभिक जांच-पड़ताल के आधार पर पुलिस ने दावा किया है कि आरोपी का पिता उसे मेडिकल प्रवेश परीक्षा में उत्तीर्ण होने का दबाव बना रहा था। इसको लेकर कई बार पिता-पुत्र की आपस में बहसबाजी भी हुई थी।

यह बात सही है कि माता-पिता को बच्चों पर अनावश्यक दबाव नहीं बनाना चाहिए, लेकिन वे अगर किसी बात पर जोर दे रहे हैं, तो उसके पीछे बच्चे की भलाई की इच्छा ही होती है। असहमति एक स्थिति हो सकती है, लेकिन देश और समाज को इस पर संजीदगी से विचार करने की जरूरत है कि बच्चों के भीतर ऐसी प्रवृत्ति कहां से आ रही है कि वे संवाद करने के बजाय हिंसक हो रहे हैं।

# भारत-ब्राजील ने रखा 30 अरब डॉलर व्यापार लक्ष्य



**नई दिल्ली।** भारत और ब्राजील ने 2030 तक आपसी व्यापार को 30 अरब डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, हालांकि हाल के वर्षों में व्यापार घटकर 10.8 अरब डॉलर तक आ गया है। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के भारत दौरे और नए समझौतों से एनर्जी, फार्मास्यूटिकल्स, जरूरी खनिज और निवेश जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ने की उम्मीद है।

भारत और ब्राजील ने 2030 तक अपने आपसी व्यापार को दोगुना से अधिक बढ़ाकर 30 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। हांलाकि वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल-दिसंबर 2025) में व्यापार घटकर 10.8 अरब डॉलर तक कम हो गया। ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा के हाल के भारत के दौरे से एनर्जी, फार्मास्यूटिकल्स और आवश्यक मिनरल्स जैसे क्षेत्रों सहित संपूर्ण व्यापार में तेजी आएगी। रूबिक्स डेटा साइंसेज की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत-ब्राजील के बीच नए सिरे से जुड़ाव ऐसे समय में हुआ है, जब भारत कई व्यापारिक समझौते और बातचीत के जरिए वैश्विक व्यापार में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

### 2030 तक दोनों देशों के बीच 30 अरब डॉलर का व्यापार लक्ष्य

रिपोर्ट के अनुसार ब्राजील लैटिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक पार्टनर है, जिसके कुल सामान का व्यापार वित्त वर्ष 2023 में 16.6 अरब डॉलर के पर पहुंच गया था। हालांकि वित्त वर्ष 2025 में व्यापार घटकर 12.2 अरब डॉलर और वित्त वर्ष 2026 (अप्रैल-दिसंबर 2025) में 10.8 अरब डॉलर हो गया है, लेकिन नवीनतम समझौते रणनीतिक क्षेत्रों और दीर्घकालिक आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण के माध्यम से व्यापार को बढ़ाने की दिशा में बदलाव का संकेत देते हैं।

### एनर्जी सहयोग को और बढ़ाया गया

रिपोर्ट के अनुसार भारत-ब्राजील समझौते में एनर्जी कोऑपरेशन को सबसे अधिक महत्व दिया गया है। इसमें ब्राजील की पेट्रोब्रास ने भारतीय रिफाइनरी आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल के साथ क्रूड ऑयल सप्लाई कॉन्ट्रैक्ट को मार्च 2027 तक रिन्यू किया है। इसमें 3.1 अरब डॉलर से अधिक की कीमत के 60 मिलियन बैरल तक के संभावित शिपमेंट शामिल हैं। यह तब हो रहा है, जब भारत वैश्विक भू-राजनीतिक बदलाओं के बीच अपनी क्रूड सोर्सिंग में विविधता ला रहा है।

### कॉरपोरेट और निवेशक में तेजी

रिपोर्ट का कहना है, इस समझौते में कॉरपोरेट और निवेश में सहयोग तेजी से बढ़ाने पर जोर दिया गया है। जुलाई 2023 और अगस्त 2024 के बीच भारत ने 77 ब्राजीलियन ट्रेड मिशन को होस्ट किया, जो कि पहले के स्तर से दोगुने से भी अधिक है। इनमें एयरोस्पेस, रक्षा, हेल्थ केयर और मैन्युफैक्चरिंग शामिल हैं।

# आठवां वेतन आयोग: 54000 न्यूनतम वेतन और पुरानी पेंशन बहाली पर ड्राफ्टिंग कमेटी की बैठक शुरू




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के एक करोड़ से अधिक सरकारी कर्मचारियों और सेवानिवृत्त पेंशनधारियों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से आठवें वेतन आयोग की राह देख रहे कर्मचारियों की वेतन वृद्धि और अन्य मांगों को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया अब तेज हो गई है। नई दिल्ली में नेशनल काउंसिल जेसीएम की ड्राफ्ट कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक शुरू हो चुकी है, जिसका मुख्य उद्देश्य वेतन संरचना, भत्ते और पेंशन से जुड़े अहम मुद्दों पर एक साझा ज्ञापन (कॉमन मेमोरेंडम) तैयार करना है।

### तेज हुई वेतन आयोग की आधिकारिक कार्यवाही

नई दिल्ली के जनपथ स्थित चंद्रलोक बिल्डिंग में आठवें वेतन आयोग को हाल ही में कार्यालय उपलब्ध करा दिया गया है, जिसे आयोग की औपचारिक कार्यवाही को गति मिलने का एक स्पष्ट संकेत माना जा रहा है। इस वेतन आयोग की अध्यक्षता रंजना देसाई कर रही हैं। जेसीएम की ड्राफ्टिंग कमेटी करीब एक सप्ताह तक विभिन्न कर्मचारी संगठनों से सुझाव जुटाकर व्यापक विचार-विमर्श करेगी। इस कवायद का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी अहम मुद्दा छूट न जाए और करीब 1.2 करोड़ कर्मचारियों व पेंशनधारियों की ओर से आयोग के समक्ष एक मजबूत तथा संगठित प्रस्ताव रखा जा सके।

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें क्या हैं?

वेतन ढांचे को संतुलित बनाने के लिए कर्मचारी यूनियनों की ओर से कई बड़े बदलावों का प्रस्ताव रखा जा रहा है। इस साझा ज्ञापन में शामिल की जा रही मुख्य मांगें इस प्रकार हैं:

कर्मचारियों की बेसिक सैलरी तय करने में फिटमेंट फैक्टर की अहम भूमिका होती है। कर्मचारी लंबे समय से 3.25 फिटमेंट फैक्टर लागू करने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही, वर्तमान आर्थिक स्थिति को देखते हुए न्यूनतम वेतन को बढ़ाकर 54,000 रुपये तय करने का भी प्रस्ताव है।

**सालाना इंक्रीमेंट (वेतन वृद्धि):** मौजूदा व्यवस्था में कर्मचारियों को प्रतिवर्ष तीन प्रतिशत की वार्षिक बढ़ोतरी (इंक्रीमेंट) मिलती है। केंद्रीय कर्मचारी महासंघ का सुझाव है कि इसे बढ़ाकर सात प्रतिशत किया जाए, या फिर कर्मचारियों को साल में दो बार इंक्रीमेंट का वित्तीय लाभ दिया जाए।

**पुरानी पेंशन योजना की बहाली:** नई पेंशन व्यवस्था को हटाकर, पुरानी पेंशन योजना को वापस लागू करने की मांग इस ड्राफ्टिंग कमेटी की चचाओं का एक बहुत ही महत्वपूर्ण हिस्सा है।

**मेडिकल और लीव एन्कैशमेंट में भारी इजाफा:** जिन क्षेत्रों में केंद्रीय सरकारी स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की सुविधा उपलब्ध नहीं है, वहां फिक्स्ड मेडिकल अलाउंस को मौजूदा 1,000 रुपये से बढ़ाकर सीधे 20,000 रुपये प्रतिमाह करने का प्रस्ताव है।

# भारतीय स्टील उद्योग के दिग्गज जतिंदर मेहरा का निधन



**नई दिल्ली।** भारतीय इस्पात उद्योग के दिग्गज और एस्सार ग्रुप के वाइस चेयरमैन जतिंदर मेहरा का 86 वर्ष की आयु में निधन।

भारत के स्टील और धातु उद्योग के दिग्गज जतिंदर मेहरा का 24 फरवरी को 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। छह दशक से अधिक लंबे और शानदार करियर वाले मेहरा वर्तमान में एस्सार ग्रुप के मेटल्स एंड माइनिंग डिवीजन में वाइस चेयरमैन के पद पर कार्यरत थे। तकनीकी विशेषज्ञता और कुशल परिचालन नेतृत्व के धनी मेहरा ने देश में कई बड़े औद्योगिक प्रोजेक्ट्स को आकार देने में अहम भूमिका निभाई।

एस्सार ग्रुप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनके विजन और नेतृत्व ने समूह के कई महत्वपूर्ण पड़ावों और परिवर्तनकारी परियोजनाओं को सफल बनाया। एस्सार ग्रुप से जुड़ने से पहले, मेहरा ने सार्वजनिक क्षेत्र के इस्पात उद्योग में भी शीर्ष पदों पर अपनी सेवाएं दी थीं, जहां वे स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक और बाद में राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक रहे।

एस्सार में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने हजीरा में स्टील उत्पादन क्षमता बढ़ाने और ओडिशा में प्रस्तावित पारादीप स्टील फैसिलिटी जैसे एकीकृत इस्पात प्रोजेक्ट्स को आगे बढ़ाने में प्रमुख भूमिका निभाई। उनका निधन भारतीय स्टील उद्योग के लिए एक बड़ी क्षति है, लेकिन उनका औद्योगिक योगदान और रणनीतिक दिशा-निर्देश आगे भी उद्योग का मार्गदर्शन करते रहेंगे।

# वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक भारत की पहुंच




**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत ने कई मुक्त व्यापार समझौतों के जरिए वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक प्राथमिक पहुंच बना ली है और वैश्विक अनिश्चितता के बीच देश आर्थिक साझेदारियां मजबूत कर रहा है। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत अपनी अंतरराष्ट्रीय आर्थिक साझेदारियों को तेजी से मजबूत कर रहा है। अब देश को वैश्विक व्यापार के लगभग दो-तिहाई हिस्से तक प्राथमिक व्यापार पहुंच प्राप्त है। गोयल ने यह बात कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (उक्क) द्वारा आयोजित 5वें नेशनल एक्सपोर्ट्स कॉम्पिटिटिवनेस समिट 2026 के समापन सत्र को संबोधित करते हुए कही। रिफॉर्म, परफॉर्म एंड ट्रांसफॉर्म थीम पर आधारित इस समिट में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, नीति-निमार्ता, राजनयिक, वित्तीय संस्थान और उद्योग जगत के प्रतिनिधि शामिल हुए, जहां 1 ट्रिलियन डॉलर के निर्यात लक्ष्य को हासिल करने की रणनीति पर चर्चा की गई।

मंत्री ने कहा कि जब दुनिया अनिश्चितताओं का सामना कर रही है, तब भारत व्यापार, विश्वास और परिवर्तन के पुल बना रहा है। इसे वैश्विक वाणिज्य में भारत की बढ़ती भूमिका का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने नौ मुक्त व्यापार समझौते किए हैं और ये सभी विकसित अर्थव्यवस्थाओं के साथ हुए हैं। गोयल के अनुसार, इन समझौतों ने भारत की वैश्विक व्यापार स्थिति को बदल दिया है। उन्होंने कहा कि अब दुनिया यह नहीं पूछती कि भारत के साथ व्यापार करना है या नहीं, बल्कि यह पूछती है कि भारत के साथ व्यापार और कारोबारी संबंध कितनी तेजी से बढ़ाए जा सकते हैं।

### भारत ने एक ही दिन में कैसे किए व्यापार वार्ता?

जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि एक ही दिन में छह घंटे के भीतर भारत ने खाड़ी सहयोग परिषद (ऋङउ) के साथ एफटीए वार्ता शुरू की, इस्राइल के साथ समझौते को अंतिम रूप देने पर चर्चा की और चिली के साथ वार्ता शुरू करने की तैयारी की।

## रोचक तथ्यों का करंट



- कुवैत में दुनिया की सबसे पुरानी फिंगरप्रिंट पाषाण युग से मेल खाने वाले टूटे हुए मिट्टी के बर्तन के टुकड़े पर खोजी गई थी। यह फिंगरप्रिंट 7,300 साल पुराना है।
- क्या आप जानते हैं? ऐप्पल का आईफोन टच आईडी एक जीवित और मृत व्यक्ति के फिंगरप्रिंट के बीच एक अंतर बता सकती है, इसलिए यदि आप मर चुके हैं तो कोई भी आपकी टच आईडी का उपयोग करके अपने आईफोन में नहीं पहुंच पाएगा।
- अपराध दृश्य फिंगरप्रिंट धूल कई स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनता है, यहां तक कि कैंसर भी हो जाता है।
- एक हैकर एक तस्वीर से जर्मन रक्षा मंत्री के फिंगरप्रिंट को फिर से बनाने में सक्षम था। इस हैकर है आईफोन 5 एस के रिलीज के 24 घंटे के भीतर ऐप्पल के थंबप्रिंट सत्यापन को हरा दिया था।
- विलियम हर्शेल 2 किसी अनुबंध/कॉन्ट्रैक्ट पर फिंगरप्रिंट का उपयोग करने वाला पहला व्यक्ति था। इसके अलावा, वह खगोलविद जॉन हर्शेल का बेटा था जिसने फोटोग्राफी का आविष्कार किया, जो कि अन्य चीजों के साथ यूरेनस के खोजकर्ता विलियम हर्शेल का पुत्र भी था।

## राशिफल

**मेष:** आज आपका दिन शानदार रहेगा। काफी समय से रुका हुआ काम आज पूरा होगा। आप कोई नया काम शुरू करने के बारे में सोचेंगे।

**वृष:** आज जीवनसाथी से कुछ अनबन हो सकती है। शांत बातचीत करें। गलत शब्दों का प्रयोग आपके रिश्ते में गलतफहमी पैदा करेगा।

**मिथुन:** आज के दिन को बेहतर बनाने के लिए आपको कड़ी मेहनत करनी होगी। काम के सिलसिले में आज आपको लगातार मेहनत करनी पड़ेगी।

**कर्क:** आज आपका ध्यान पुराने कामों को पूरा करने की ओर रहेगा। जिससे आप जल्द ही पूरे हो जाएंगे। आप मानसिक रूप से बेहतर महसूस करेंगे।

**सिंह:** बिजनेस में नई संभावनाएं तलाशी जा सकती हैं। पैसों से जुड़ा कोई भी फैसला लेते समय बजट का ध्यान रखें, नहीं तो कर्ज लेने जैसी स्थिति पैदा हो सकती है।

**कन्या:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। परिवार और कामकाज से जुड़ी चल रही दिक्कतों में कुछ कमी आएगी।

**तुला:** आज आपका दिन ठीक रहेगा। दफ्तर में किसी से बेवजह की बातें करने से आपको बचना चाहिए। आपको अपने गुस्से पर भी काबू रखना होगा।

**वृश्चिक:** आज पारिवारिक जीवन में तनाव कम रहेगा और आप पारिवारिक जीवन का भरपूर आनंद उठा पाएंगे।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए काफी बेहतर रहेगा। कामकाज में आपका मन लगेगा। हालांकि आप इस असमंजस में रहेंगे कि किस काम को पहले प्राथमिकता दें।

**मकर:** आज के दिन आपके पराक्रम में वृद्धि होगी। घरेलू सामानों की खरीदारी करेंगे। महिलाओं के लिए दिन बेहतरीन रहेगा।

**कुंभ:** आज आपको कई नए अवसर मिलने की संभावना है। लंबे संघर्ष के बाद आज आपको सफलता मिलती नजर आ रही है।

**मीन:** पिछले कुछ दिनों से भाग्य ने आपका भरपूर साथ दिया है, आज भी आपका साथ देगा, इसलिए इस समय का भरपूर लाभ उठाएं।

## चुटकुले

एक अंकल ने सोनू से पूछा- पढ़ाई कैसी चल रही है?
सोनू ने जवाब दिया- अंकल, समंदर जितना सिलेबस है, नदी जितना पढ़ पाते हैं,
बाल्टी भर याद होता है, गिलास भर लिख पाते हैं,
चुल्लू भर नंबर आते हैं, उसी में डूब कर मर जाते हैं।

---

मोहन दर्जी के पास गया और उससे पूछा- पैंट की सिलाई कितने की है?
दर्जी - 300 रुपए।
मोहन - और निक्कर की?
दर्जी - 100 रुपए।
मोहन - तो फिर निक्कर ही सिल दो, बस लंबाई पैरों तक कर देना।

---

पत्नी: सुनो जी, मैं कैसी लग रही हूँ?
पति: बहुत अच्छी!
पत्नी: सच में?
पति: हाँ, आज आईना भी चुप है!

---

दोस्त: भाई, आज इतना खुश क्यों है?
गोलू: आज छुट्टी है!
दोस्त: फिर भी काम तो होगा?
गोलू: हाँ, सोने का

## 26 02 2026 करंट क्राइम — आज के जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

सेलेब्रिटी जन्मदिन



शक्तिकांत दास (प्रधान सचिव नरेन्द्र मोदी)

शरण्या सिंह | अद्विक दांगी | मौली शर्मा | मोलिका वत्स

रूचि शर्मा | आशीष अग्रवाल | अनिल शर्मा | अंकुर सक्सेना | राजेश शर्मा | राजकुमार रावत

योगेश त्यागी | आर्यन प्रताप सिंह | मनोज शर्मा | योगेन्द्र शर्मा | शिवशंकर

सोनू त्यागी | मौजफ्फर इस्लाम | कृष्ण मोहन राय | देवांशु राज | लवीश त्यागी | संजय कश्यप

सूचना: आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email: currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

**दैनिक करंट क्राइम**
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क: के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो.: 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक: मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक: राकेश यादव, विवेक भाटी

26 Feb -26 page 5 25-02-2026 21:28 Page 1



# ब्रूक की कप्तानी पारी ने इंग्लैंड को दिलाया सेमीफाइनल का टिकट

## पाकिस्तान के लिए बेहद कठिन हुई राह



### टी-20 विश्व कप में शतक लगाने वाले पहले कप्तान

लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की शुरूआत अच्छी नहीं रही और शाहीन अफरीदी ने टीम को लगातार झटके दिए। शाहीन ने पहली ही गेंद पर फिल सॉल्ट को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा और फिर जोस बटलर को आउट किया जो दो रन बनाकर आउट हुए। शाहीन ने फिर पावरप्ले के दौरान जैकब बेथेल को आउट कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। बेथेल आठ रन बनाकर पवेलियन लौटे। हालांकि, ब्रूक टिके रहे और उन्होंने जिम्मेदारी से खेलते हुए पारी आगे बढ़ाई। ब्रूक ने पहले 28 गेंदों पर अर्धशतक पूरा किया और फिर 50 गेंदों पर शतक लगाया। ब्रूक टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले पहले कप्तान हैं। इतना ही नहीं, ब्रूक टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा व्यक्तिगत स्कोर बनाने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2010 में भारत के खिलाफ 98 रन बनाए थे।

**पल्लेकल।** इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप के बेहद रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को दो विकेट से हराया। इंग्लैंड के लिए कप्तान हैरी ब्रूक ने शतक लगाया, जिससे टीम लक्ष्य का पीछा सफलतापूर्वक कर सकी। पाकिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में नौ विकेट पर 164 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड ने 19.1 ओवर में आठ विकेट पर 166 रन बनाकर मैच अपने नाम किया। इंग्लैंड के लिए ब्रूक ने सर्वाधिक 100 रन बनाए जिससे टीम ने सुपर आठ में लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

**सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम**

इंग्लैंड ने इस तरह सेमीफाइनल में जगह बना ली है, जबकि पाकिस्तान के लिए आगे की राह बेहद कठिन हो गई है। पाकिस्तान का पिछला मुकाबला बारिश में धुल गया था और अब उसका एक मैच शेष है। अगर पाकिस्तान की टीम ये मुकाबला जीत भी लेती है तो उसके तीन ही अंक होंगे। वहीं, श्रीलंका और न्यूजीलैंड के पास पाकिस्तान को पीछे छोड़ने का मौका होगा। इंग्लैंड के लिए ब्रूक के अलावा कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका।

इंग्लैंड की सर्वाधिक बार लगातार टी20 विश्व कप के पहुंचने सेमीफाइनल वाली टीम बन गई है। इंग्लैंड ने लगातार पांचवीं बार ऐसा किया है। उसने इस मामले में पाकिस्तान और श्रीलंका को पीछे छोड़ा। पाकिस्तान और श्रीलंका ने लगातार चार बार सेमीफाइनल में जगह बनाई है। इंग्लैंड की टीम 2016, 2021, 2022, 2024 और 2026 टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है।

ब्रूक टी20 विश्व कप में लक्ष्य का पीछा करते हुए शतक लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे पहले एलेक्स हेल्स ने श्रीलंका के खिलाफ 2014 में, क्रिस गेल ने इंग्लैंड के खिलाफ 2016 में और पाथुम निसांका ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2026 में ऐसा किया था। उनसे आगे इस मामले में एलेक्स हेल्स (116*) और जोस बटलर (101*) हैं।



**ब्रूक के अलावा अन्य बल्लेबाज रहे फ्लॉप**

इंग्लैंड के लिए इस मैच में ब्रूक के अलावा अन्य सभी बल्लेबाज फ्लॉप रहे। इंग्लैंड के लिए सिर्फ तीन बल्लेबाज ही दहाई अंक तक पहुंच सके। ब्रूक के अलावा विल जैक्स और सैम करन ही दहाई अंक का आंकड़ा पार कर सके।

# शीर्ष-पांच टी-20 बल्लेबाजों में ईशान किशन की एंट्री

## जसप्रीत बुमराह ने लगाई लंबी छलांग

**नई दिल्ली।** आईसीसी ने बुधवार को ताजा टी20 रैंकिंग जारी कर दी। अभिषेक शर्मा की बादशाहत बरकरार है। वह शीर्ष पर बने हुए हैं जबकि शीर्ष-पांच टी20 बल्लेबाजों में ईशान किशन की एंट्री हो गई है।



टी20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 मुकाबलों के बीच बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने रैंकिंग जारी की। शीर्ष-पांच टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में भारत के स्टार बल्लेबाज ईशान किशन की एंट्री हो गई। वहीं, गेंदबाजों की रैंकिंग में जसप्रीत बुमराह लंबी छलांग लगाकर शीर्ष-10 में शामिल हो गए।

अभिषेक की बादशहत बरकरार, ईशान की शीर्ष-5 में एंट्री

टी20 के शीर्ष 10 बल्लेबाजों में भारत के अभिषेक शर्मा पहले, इंग्लैंड के फिल साल्ट दूसरे, पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे (दो स्थान का फायदा हुआ है), श्रीलंका के पाथुम निसांका चौथे, भारत के ईशान किशन पांचवें (तीन स्थान का फायदा हुआ है), भारत के सूर्यकुमार यादव छठे, भारत के तिलक वर्मा सातवें (तीन स्थान का नुकसान हुआ है), इंग्लैंड के जोस बटलर आठवें (एक स्थान का नुकसान), दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस नौवें (दस स्थान का फायदा हुआ है), और न्यूजीलैंड के टिम साइफर्ट दसवें स्थान पर हैं।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम को भारी पड़ा बढ़त गंवाना, स्पेन ने प्रो लीग मैच में शूटआउट में हराया

**होबार्ट।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को आखिरी समय में बढ़त गंवाना भारी पड़ गया। स्पेन के खिलाफ टीम ने अंतिम समय तक बढ़त बनाए रखी थी, लेकिन स्पेन ने वापसी की और फिर शूटआउट में मुकाबला अपने नाम कर लिया।



भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग में निराशाजनक प्रदर्शन स्पेन के खिलाफ भी जारी रहा। भारतीय टीम ने स्पेन को कड़ी चुनौती दी और निर्धारित समय में स्कोर 1-1 से बराबर करने में सफल रही। इसके बाद मैच का नतीजा शूटआउट के जरिये निकला जहां स्पेन ने 4-3 से मुकाबला अपने नाम किया। भारत इस समय सात मैच में केवल दो अंक के साथ नौ टीम की प्रतियोगिता में आठवें स्थान पर है।

भारत ने आखिरी समय में गंवाई बढ़त

मनिंदर सिंह के गोल से 59वें मिनट तक 1-0 की बढ़त बनाए रखने के बावजूद भारत ने अंतिम लम्हों में स्पेन को बराबरी का मौका दिया जब ब्रूनो फॉन्ट ने गोल दागकर मैच को शूटआउट में खींच दिया। भारत को सफलता 19वें मिनट में मिली। कप्तान हार्दिक सिंह ने स्पेन के एक खिलाड़ी को पछाड़ते हुए गेंद मनिंदर की ओर बढ़ाई जिन्होंने इसे गोल में पहुंचाकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर तक भारतीय टीम 1-0 से आगे थी।

तीसरे क्वार्टर के अंत में फोटुनी को हरा कार्ड दिखाया गया जिससे मैदान पर स्पेन के 10 खिलाड़ी रह गए। भारत ने 44वें मिनट में इसका फायदा उठाकर बढ़त बना ही ली थी लेकिन कैलजाडो ने पेनल्टी कॉर्नर पर जुगराज सिंह के शॉट को शानदार तरीके से रोक दिया। अंतिम क्वार्टर की शुरूआत में ही संजय को भी हरा कार्ड मिलने से भारत के भी 10 खिलाड़ी रह गए। लगातार कोशिशों के बीच 59वें मिनट में रक्षात्मक चूक से भारत ने फॉन्ट को गोल करके स्पेन को बराबरी दिलाने का मौका दे दिया।

अब ऑस्ट्रेलिया से होगा सामना

शूटआउट में अभिषेक और हार्दिक सिंह गोल करने से चूक गए जिससे भारत को 3-4 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

# टेनिस रैकेट छोड़ थामा बल्ला, कैसे बने क्रिकेट के 'डॉन', 25वीं पुण्यतिथि पर ब्रैडमैन की कहानी

**नई दिल्ली।** सर डॉन ब्रैडमैन ने आज ही के दिन 2001 में दुनिया को अलविदा कहा था। उनकी 25वीं पुण्यतिथि पर आइये जानते हैं, कैसे वह क्रिकेट जगत के महान क्रिकेटर बने।

सर डॉन ब्रैडमैन... क्रिकेट की दुनिया का वो नाम, जिनके आगे रिकॉर्ड्स कम पड़ जाते हैं। 22 गज की पिच पर ब्रैडमैन ने वो सब कुछ हासिल किया, जिसका एक बल्लेबाज सपना देखता है। शतक और दोहरा शतक लगाना मानो ब्रैडमैन के बाएं हाथ का खेल हो। ब्रैडमैन का टेस्ट क्रिकेट में बल्लेबाजी औसत 99.94 का रहा।

**टेनिस से शुरू हुई दीवानगी, क्रिकेट पर रुकी**

बचपन में डॉन ब्रैडमैन टेनिस के दीवाने थे। वह इस खेल में काफी अच्छा कर रहे थे। हालांकि, 10 साल की उम्र में ब्रैडमैन के पिता उन्हें पहली बार सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर लेकर गए, और इसके बाद तो मानो ब्रैडमैन को क्रिकेट के खेल से मोहब्बत सी हो गई। डॉन ब्रैडमैन ने बचपन से ही अपनी बल्लेबाजी पर काम करना शुरू कर दिया था। महज 20 साल की उम्र में उन्होंने 5 दिसंबर 1928 को इंग्लैंड के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट में अपना डेब्यू किया। करियर के पहले मैच में ब्रैडमैन कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और पहली पारी में 18 और दूसरी में महज एक रन बनाकर आउट हो गए। हालांकि, विश्व क्रिकेट को शायद इसकी भनक भी नहीं थी कि यह तूफान से पहले की शांति है।



### आज भी कायम है यह रिकॉर्ड

1930 में इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई एशेज सीरीज में ब्रैडमैन ने अपनी काबिलियत का नमूना विश्व क्रिकेट के सामने पेश किया। इस सीरीज में खेली 7 पारियों में ब्रैडमैन ने कुल मिलाकर 974 रन बनाए। ब्रैडमैन का यह रिकॉर्ड आज तक कोई भी बल्लेबाज नहीं तोड़ सका है। 52 टेस्ट मैचों के अपने करियर में ब्रैडमैन ने 99.94 की औसत से खेलते हुए 6,996 रन बनाए। इस दौरान ऑस्ट्रेलिया के महानतम बल्लेबाज ने 29 शतक और 13 अर्धशतक जमाए। ब्रैडमैन ने अपने करियर में कुल 12 दोहरा शतक लगाए, जो एक वर्ल्ड रिकॉर्ड है।

### 2001 में दुनिया को कहा अलविदा

सर ब्रैडमैन अपने करियर में एक बार फिर स्टंप नहीं हुए। टेस्ट क्रिकेट में एक टीम के खिलाफ सर्वाधिक शतक लगाने का रिकॉर्ड भी ब्रैडमैन के नाम दर्ज है। उन्होंने अपने करियर के दौरान इंग्लैंड के खिलाफ कुल 19 शतक लगाए।

साल 1932-33 में खेली गई बॉडीलाइन सीरीज में सिर्फ ब्रैडमैन को रन बनाने से रोकने के लिए इंग्लैंड के गेंदबाजों ने उनके शरीर को निशाना बनाया था।

## बाबर आजम पर फूटा पूर्व क्रिकेटरों का गुस्सा

कोलंबो। टी20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड से हार के बाद बाबर आजम के प्रदर्शन पर सवाल खड़े हो गए हैं। माइकल वॉन ने चयन में राजनीति की ओर इशारा किया, जबकि इमाद वसीम समेत पूर्व खिलाड़ियों ने बाबर की आलोचना करते हुए उन्हें जिम्मेदारी लेने की सलाह दी। पाकिस्तान अब करो या मरो की स्थिति में है। टी20 वर्ल्ड कप सुपर-8 में इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान की सेमीफाइनल उम्मीदें अधर में लटक गई हैं। इस मैच में बाबर आजम नंबर-4 पर बल्लेबाजी करने उतरे और 24 गेंदों में 25 रन बनाकर आउट हो गए। उनका स्ट्राइक रेट 104 रहा, जिसे लेकर क्रिकेट जगत में तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। लगातार दूसरे टी20 वर्ल्ड कप में बाबर का प्रदर्शन निराशाजनक रहा है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में विदेशी कोच के लिए काम करना आसान नहीं होता। वॉन ने कहा, 'मैं उन विदेशी कोचों की तारीफ करता हूं जो पाकिस्तान जाकर कोचिंग करते हैं, क्योंकि मैं अंदाजा लगा सकता हूं कि वहां क्या चल रहा होगा।' उन्होंने आगे कहा, 'माइक हेसन ने बाबर को जिस तरह संभाला है, वह शानदार है।

# मांजरेकर ने भारत के मुख्य कोच पर साधा निशाना

## गंभीर के लिए हर मर्ज की एक दवा हैं 'वॉशिंगटन सुंदर' : संजय मांजरेकर

**नई दिल्ली।** संजय मांजरेकर एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने मुख्य कोच गंभीर पर जो बयान दिया है, उससे सोशल मीडिया दो हिस्सों में बंट गया है। कुछ लोग मांजरेकर के इस बयान को सही बता रहे हैं, वहीं कुछ इसे बिना वजह टिप्पणी बता रहे हैं। मांजरेकर का यह बयान दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुपर-8 मैच में टीम इंडिया की हार के बाद आया है।

टी-20 विश्वकप 2026 में सुपर-8 राउंड में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। इस हार से भारतीय टीम के लिए सेमीफाइनल का रास्ता मुश्किल हो गया है। उसे बाकी बचे दोनों मैचों में बड़े अंतर से जीत हासिल करनी होगी। दक्षिण अफ्रीका से हार के बाद कई पूर्व दिग्गज क्रिकेटर भारतीय प्लेइंग-11 पर सवाल उठा रहे हैं। सबसे ज्यादा चर्चा जिस बात की हो रही है, वह है



उपकप्तान अक्षर पटेल को बेंच पर बैठाकर वॉशिंगटन सुंदर को खिलाने की। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सुंदर न तो गेंदबाजी में चले और न ही बल्लेबाजी में।

अब इसको लेकर संजय मांजरेकर का बयान सामने आया है। उन्होंने मुख्य कोच गौतम गंभीर पर निशाना साधा है।

मांजरेकर ने गंभीर पर तंज कसा

सुंदर को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केवल दो ओवर गेंदबाजी मिली और उन्होंने बिना विकेट लिए 17 रन खर्च किए। बल्ले से सुंदर सिर्फ 11 रन का योगदान दे सके। इसके बाद मांजरेकर ने गंभीर पर तंज कसते हुए स्पोर्ट्स नेक्स्ट पर बातचीत में कहा- कैलाश जीवन, इस नाम की एक दवा हुआ करती थी पहले। अगर आपको सिरदर्द है, तो आप उसे लगा सकते थे। अगर आपके पेट में दर्द है, तो आप उसे खा सकते थे। वह हर मर्ज की एक दवा थी। गौतम गंभीर के पास भी हर मर्ज की एक दवा है। सब उसका नाम जानते हैं- वॉशिंगटन सुंदर। बल्लेबाजी में कोई दिक्कत है तो सुंदर को ले आओ टीम में। गेंदबाजी में कोई समस्या है तो फिर वही सुंदर को ले आओ टीम में। सबका एक ही जवाब है। उन्हें बाकी बल्लेबाजों पर तरजीह दी गई। सुंदर पांचवें नंबर पर खेलने आए। दुबे छह पर, हार्दिक सात पर और रिंकू आठ पर। अब बहुत हो गया यह प्रयोग।'



# शोएब अख्तर ने गिरगिट की तरह बदला रंग

**कराची।** इंग्लैंड से हार के बाद शोएब अख्तर का भारत को लेकर दिया गया बयान उन पर भारी पड़ गया। उन्होंने कप्तान सलमान अली आगा की नेतृत्व क्षमता पर सवाल उठाए। वहीं हैरी ब्रूक के ऐतिहासिक शतक ने इंग्लैंड को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया, जबकि पाकिस्तान की राह मुश्किल हो गई।

पाकिस्तानी क्रिकेटर कुछ न कुछ ऐसा करते हैं, जिससे वह सुर्खियों या फिर विवादों में बने रहते हैं। टी20 विश्वकप के दौरान पाकिस्तान में कई क्रिकेट शो चलते हैं और हर बार शो में पूर्व क्रिकेटर कुछ न कुछ ऐसा कह देते हैं, जो विवादित होता है। इसमें सबसे दिलचस्प यह है कि पिछले कुछ आईसीसी टूर्नामेंट्स में पाकिस्तान का प्रदर्शन बेहद खराब और भारत का उतना ही अच्छा रहा है और पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर इससे बौखलाए हुए हैं। बस टी20 विश्वकप 2026 में भारत की एक हार से वह खुश हो गए और उछलने लगे, लेकिन उनकी खुद की टीम की हार से इस खुशी पर पानी फिर जाता है।



ऐसा ही कुछ दिग्गज तेज गेंदबाज शोएब अख्तर के साथ देखने को मिला। रावलपिंडी एक्सप्रेस के नाम से मशहूर अख्तर इंग्लैंड के खिलाफ मैच से पहले तो बेहद खुश नजर आ रहे थे और भारत के बाहर होने की कामना कर रहे थे, लेकिन जैसे ही इंग्लैंड से उनकी टीम को पिटाई पड़ी, अख्तर ने रंग बदल लिए। उनके तेवर बिल्कुल ही बदले बदले नजर आए।

हार पर शोएब अख्तर के बदले तेवर

टी20 वर्ल्ड कप सुपर 8 में पाकिस्तान की इंग्लैंड से करारी हार के बाद अख्तर लाइव टीवी शो 'गेम ऑन है' पर नाराज नजर आए। मैच से पहले शो में अख्तर ने कहा था, 'मैं उम्मीद करता हूं कि इंग्लैंड खराब खेले ताकि हम दो अंक ले सकें। अगर भारत बाहर हो जाए और हम सेमीफाइनल में पहुंच जाएं तो हमारी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।' हालांकि, यह बयान पाकिस्तान की हार के बाद उल्टा पड़ गया और सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गया। पाकिस्तान की हार के बाद वह अपने कप्तान सलमान अली आगा पर बरस पड़े। उनके यू-टर्न का फैंस मजाक बना रहे हैं। इंग्लैंड से हार के बाद पाकिस्तान पर टूनार्मेंट से बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। अब कोई चमत्कार ही उन्हें सेमीफाइनल में जगह दिला सकता है।

# इस साल अगस्त में खेले जाएंगे दो मुकाबले

**सिडनी।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, 'हम उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट लाकर बहुत खुश हैं। बांग्लादेश के खिलाफ एक शानदार टेस्ट सीरीज का हम इंतजार कर रहे हैं।'

बांग्लादेश क्रिकेट टीम के लिए अगस्त 2026 बेहद अहम रहने वाला है। दो टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश अगस्त में ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। 2003 के बाद यह पहला मौका होगा जब बांग्लादेश ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज खेलेगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाले दोनों टेस्ट मैचों के लिए वेन्यू की घोषणा कर दी है। दोनों टेस्ट नई जगहों पर खेले जाएंगे। मैच डार्विन के मारारा स्टेडियम और मैके के ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में खेले जाएंगे।

**क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ ने क्या कहा**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, 'हम उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट क्रिकेट लाकर बहुत खुश हैं। बांग्लादेश के खिलाफ

## 22 साल बाद डार्विन में होगा टेस्ट मैच



एक शानदार टेस्ट सीरीज का हम इंतजार कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'हम खुशकिस्मत हैं कि अगस्त में वर्ल्ड क्लास सुविधाएं उपलब्ध हैं, जिससे यह पक्का होगा कि गर्मियों के अलावा हमारे पास टेस्ट क्रिकेट के लिए एक और मौका है।'

**डार्विन 22 साल बाद टेस्ट मैच का मेजबान**

डार्विन में ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच सीरीज का पहला टेस्ट (13 से 17 अगस्त) खेला जाएगा। इसका मारारा स्टेडियम 22 साल बाद किसी टेस्ट मैच की मेजबानी करेगा।

इससे पहले यहां जुलाई 2004 में ऑस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच पिछला टेस्ट खेला गया था। बांग्लादेश की टीम भी डार्विन में 2003 में एक टेस्ट खेल चुकी है। वहीं, ग्रेट बैरियर रीफ एरिना में दूसरा टेस्ट (22 से 26 अगस्त) खेला जाएगा। इस वेन्यू का यह पहला टेस्ट मैच होगा। इस स्टेडियम में पुरुषों के सिर्फ वनडे मैच खेले गए हैं। वहीं महिला टीम के तीन वनडे और दो टी20 आयोजित किए गए हैं।

**ऑस्ट्रेलिया बनाम बांग्लादेश टेस्ट में हेड टू हेड:** ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश के बीच यह चौथी टेस्ट सीरीज होगी। दोनों देशों के बीच अब तक छह टेस्ट खेले गए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने पांच मैच जीते हैं, जबकि बांग्लादेश को भी एक मैच जीतने में सफलता मिली है। बांग्लादेश ने मीरपुर में 2017 में खेले गए टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को हराया था। ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज बांग्लादेश के क्रिकेटरों के लिए अपनी क्षमता को साबित करने का एक बड़ा अवसर है।

बांग्लादेश टी20 विश्व कप 2026 से बाहर रहने की वजह से पिछले दिनों काफी चर्चा में रही थी। कई रिपोर्टों के मुताबिक बांग्लादेशी क्रिकेटर विश्व कप का हिस्सा नहीं होने से निराश थे। ऐसे में उनके पास मौका होगा ऑस्ट्रेलिया में जाकर अपनी क्षमता दिखाने का और ऑस्ट्रेलियाई टीम को हैरान करने का।

# सुप्रिम कोर्ट ने धवन की पूर्व पत्नी को 5.7 करोड़ रुपये लौटाने का आदेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली पारिवारिक अदालत ने शिखर धवन की पूर्व पत्नी आयशा मुखर्जी को 5.7 करोड़ रुपये लौटाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने ऑस्ट्रेलिया में हुए संपत्ति समझौते को धोखाधड़ी और दबाव में कराया गया बताया। साथ ही नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का निर्देश दिया गया और ऑस्ट्रेलियाई आदेशों को अमान्य ठहराया।

दिल्ली की फैमिली कोर्ट ने भारतीय क्रिकेटर शिखर धवन की पूर्व पत्नी आयशा मुखर्जी को 5.7 करोड़ रुपये (लगभग 8.94 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर) लौटाने का आदेश दिया है। अदालत ने पाया कि ऑस्ट्रेलिया में हुआ संपत्ति समझौता धमकी, जबरन वसूली और धोखाधड़ी के जरिए कराया गया था। पटियाला हाउस कोर्ट के जज देवेंद्र कुमार गर्ग ने सभी सेटलमेंट दस्तावेजों को शून्य और अमान्य घोषित कर दिया। अदालत ने कहा कि धवन ने इन दस्तावेजों पर धमकी, जबरन वसूली, छल और धोखाधड़ी के दबाव में हस्ताक्षर किए थे।

अदालत ने फरवरी 2024 में ऑस्ट्रेलियाई कोर्ट द्वारा पारित आदेशों के अमल पर भी रोक लगा दी। उन आदेशों में दंपति की वैश्विक संपत्तियों का बंटवारा किया गया था, जिसमें भारत स्थित धवन की संपत्तियां भी शामिल थीं। ऑस्ट्रेलियाई अदालत ने संपत्ति के कुल पूल का 15 प्रतिशत हिस्सा आयशा मुखर्जी को दिया था। इसके अलावा उन्हें 7.46 करोड़ रुपये की संपत्ति रखने की अनुमति दी गई थी और अतिरिक्त 15.95 करोड़ रुपये तथा एक प्रॉपर्टी ट्रांसफर करने का आदेश दिया गया था। हालांकि, दिल्ली कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वैवाहिक विवादों के निपटारे का अधिकार ऑस्ट्रेलियाई अदालत के पास नहीं था।



### दबाव और बदनामी की धमकी के आरोप

धवन ने अदालत को बताया कि 2012 में शादी के तुरंत बाद मुखर्जी ने झूठे और मानहानिकारक आरोप सार्वजनिक करने की धमकी दी, जिससे मेरी प्रतिष्ठा और क्रिकेट करियर बर्बाद हो सकता था। उन्होंने दावा किया कि कई संपत्तियां उन्होंने अपनी कमाई से खरीदीं, लेकिन दबाव में उन्हें संयुक्त नाम या पूरी तरह मुखर्जी के नाम पर पंजीकृत करना पड़ा। एक मामले में तो खरीदी गई संपत्ति में मुखर्जी को 99 प्रतिशत मालिक दिखाया गया था। सभी सबूतों पर विचार करने के बाद अदालत ने धवन के पक्ष में फैसला सुनाया और कहा कि वे ऑस्ट्रेलियाई अदालत के आदेशों से बाध्य नहीं हैं। साथ ही, 5.7 करोड़ रुपये पर केस दायर करने की तारीख से नौ प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने का भी निर्देश दिया गया।

### तलाक और बेटे की कस्टडी

साल 2023 में दिल्ली की अदालत ने दोनों को तलाक दे दिया था। अदालत ने माना था कि धवन अपने बेटे जोरावर से लंबे समय तक दूर रहने के कारण मानसिक आघात से गुजरे। हालांकि, धवन को स्थायी कस्टडी नहीं मिली, लेकिन भारत और ऑस्ट्रेलिया में मुलाकात और वीडियो कॉल का अधिकार दिया गया था। बाद में धवन ने कहा कि उन्हें बेटे से संपर्क करने से भी रोका गया। इस बीच, धवन ने 22 फरवरी 2025 को सोफी शाइन से दूसरी शादी की।

नई दिल्ली | दैनिक करंट क्राइम
06 | गुरुवार • 26 फरवरी -2026






## भारतीय किसान मजदूर मोर्चा का पांच सूत्रीय मांगों को लेकर तहसील में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** भारतीय किसान मजदूर मोर्चा ने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत बुधवार को तहसील परिसर में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। जिसमें सैकड़ों महिला पुरूषों ने पहुंचकर अपना समर्थन दिया। प्रथम दिन धरने की अध्यक्षता प्रिंसिपल रामदत्त शर्मा व संचालन तिलक राज अधाना ने किया। सैकड़ों लोग एवं मातृशक्ति धरनारत स्थल पर पंहुचे। धरने को मुख्य रूप से मोर्चा के अध्यक्ष डॉ0 बबली गुर्जर, पं0 सतेन्द्र शर्मा, नीरज प्रजापति, कालू चेयरमैन, राहुल प्रधान, सभासद गुलाब सिंह, सुरेश शर्मा, चमन सिंह, बीर सिंह, राज वर्मा व एडवोकेट धीरज शर्मा आदि ने संबोधित किया। एसडीएम के आश्वासन के बाद धरना स्थगित कर दिया गया। धरने में देव पंडित, बलबीर भडाना, नवीन जैन, पिंकल गुर्जर, जयप्रकाश शर्मा, धर्मबीर, मोनू प्रधान, राहुल वाल्मीकि, अमित गूर्जर, कमलेश देवी, सुनीता, राजबाला, सुमन देवी व ललिता आदि भी मौजूद रही।

# नाव में बैठे-बैठे पीसीएस अधिकारी की मौत

**हापुड़।** हापुड़ में ब्रजघाट में गंगा किनारे नाव पर बैठे हुए पीसीएस अधिकारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई। प्रशासनिक अधिकारियों और परिचितों में भी शोक की लहर दौड़ गई है। परिजनों में भी कोहराम मच गया।

उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के ब्रजघाट में अलीगढ़ निवासी पीसीएस अधिकारी बच्चू सिंह (52) पुत्र महाराज सिंह की सोमवार को गंगा किनारे खड़ी नाव में बैठे-बैठे अचानक हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह जनपद रामपुर में संयुक्त निदेशक, मुद्रक एवं लेखन सामग्री विभाग के पद पर तैनात थे।

घटना से मौके पर मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और उन्हें गंभीर अवस्था में सरकारी अस्पताल भिजवाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

## हार्ट अटैक बताया गया मौत का कारण



बच्चू सिंह गंगा स्नान और पूजा-अर्चना के उद्देश्य से ब्रजघाट पहुंचे थे। स्नान के बाद वह गंगा किनारे खड़ी एक नाव में बैठकर कुछ देर विश्राम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे अचेत होकर नाव में ही गिर पड़े।

आसपास मौजूद श्रद्धालुओं और नाविकों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एंबुलेंस के माध्यम से उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच में मौत का कारण हार्ट अटैक बताया है। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया व परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई।

घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। वहीं, प्रशासनिक अधिकारियों और परिचितों में भी शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। सीओ स्तुति सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, वहीं परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## मिलावटी 150 किलो दूषित माल पकड़ा

### नमूना लेने के बाद गड्ढा खोदकर कराया नष्ट

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में खाद्य सुरक्षा टीमों ने होली के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों पर सख्ती से कार्रवाई की है। विभिन्न स्थानों पर छापेमारी की। जिसमें दादरी रेलवे रोड पर 150 किलो दूषित और अस्वच्छ पनीर जब्त कर नमूना लेकर बाकी को नष्ट कराया गया।

खाद्य विभाग की टीमों ने बुधवार को नोएडा से लेकर ग्रेटर नोएडा में खाद्य पदार्थों की जांच की। जांच के दौरान विभिन्न प्रतिष्ठानों से 10 खाद्य पदार्थों का नमूना लिया गया है। साथ ही दादरी रेलवे रोड पर एक गाड़ी में 150 किग्रा अस्वच्छ और दूषित पनीर पकड़ा है। एक नमूना लेने के बाद बाकी को नष्ट करा दिया गया है।

वहीं सभी नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। जांच रिपोर्ट आने के बाद विभाग आगे की कार्रवाई करेगा। अगर नमूना फेल होता है तो कोर्ट में वाद दायर किया जाएगा। सहायक आयुक्त द्वितीय खाद्य सर्वेश मिश्रा ने बताया कि होली को लेकर जिले में मिलावटी खाद्य पदार्थों बेचने व बनाने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। बुधवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी विशाल कुमार गुप्ता और सय्यद इबादुल्लाह की टीम ने रेलवे रोड दादरी पर दिलशाद निवासी कादलपुर दनकौर के वाहन को रोका। वाहन में करीब 150 किग्रा पनीर था। जो प्रथम दृष्ट्या मानव उपभोग के लिए अनुपयुक्त और अस्वच्छ मिला। उसे बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था।

एक नमूना लेने के बाद बाकी पनीर को नष्ट करा दिया गया। इसी टीम ने औद्योगिक सेक्टर साइट-सी में वसेर्टाइल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम से स्किम्ड मिल्क पाउडर का एक नमूना लिया है। कासना बस अड्डा व घरबरा रोड पर स्थित आस मोहम्मद चिकन बिरयानी व इकबाल चिकन बिरयानी से चिकन बिरयानी का एक-एक नमूना लिया है।

## तालाब में गिरने से गाय की मौत



**– सुरक्षा दीवार न होने से एक माह में तीन पशुओं की गई जान**

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** एक तालाब में गिरने से गाय की मौत हो गई। आशंका जताई जा रही है कि गांव एक दिन पहले गिरी है। गांव सरना गांव के तालाब में गाय गिरने से उसकी मौत हो गई। आशंका है कि गाय मंगलवार रात को गिरी होगी।

आस पास के लोगों ने बुधवार को मृत गाय तालाब से बाहर निकाली। सूचना मिलने पर बुधवार सुबह गौरक्षा दल के जिलाध्यक्ष गुलशन राजपूत अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आसपास के लोगों की मदद से गाय को तालाब से बाहर निकाला। स्थानीय लोगों के अनुसार, तालाब पर सुरक्षा दीवार या बेरिकेडिंग न होने के कारण ऐसे हादसे लगातार हो रहे हैं। पिछले एक माह के भीतर तालाब में गिरने से तीन पशुओं की मौत हो चुकी है। स्थानीय निवासियों ने पालिका से तालाब के चारों ओर सुरक्षा दीवार या बेरिकेडिंग कराने की मांग की है। इस संबंध में पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ0 शैलेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें इस तरह की कोई सूचना नहीं मिली थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि तालाब की फेसिंग जल्द ही कराई जाएगी।

## हापुड़ में जाम के कारण बच्ची की मौत



**हापुड़।** फूलगढ़ी में साप्ताहिक पैंठ के जाम में बाइक फंसने से सात साल की ईशा की उपचार के अभाव में मौत हो गई। उसे दौरा पड़ा था। परिजन पुलिस प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगा रहे हैं।

यूपी के हापुड़ जिले में बदहाल यातायात व्यवस्था को उजागर करने वाली एक घटना सामने आई है। यहां हापुड़ नगर के मोहल्ला फूलगढ़ी में सड़क किनारे लगने वाले बाजार के चलत जाम में बाइक फंसने से सात साल की बच्ची की उपचार के अभाव में मौत हो गई। बच्ची को दौरा पड़ा था और उसे तुरंत उपचार की आवश्यकता थी, लेकिन जब तक परिजन बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। परिजनों ने पुलिस प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाया है।

बुलंदशहर के गुलावठी निवासी सात वर्षीय ईशा पुत्री जान मोहम्मद हापुड़ के मोहल्ला फूलगढ़ी में अपनी नानी के यहां आई हुई थी। बुधवार की दोपहर को ईशा को अचानक दौरा पड़ा। पहले भी उसे दौरे पड़ते रहे हैं। दौरा पड़ने की जानकारी होने पर परिजन ईशा को बाइक पर ही लेकर अस्पताल ले जाने लगे। लेकिन इस दौरान फूलगढ़ी में साप्ताहिक पैंठ लगी हुई थी। इस दौरान पूरी सड़क पर जाम लगा हुआ था। इस भयंकर जाम में बाइक फंस गई और करीब 20 मिनट तक बाइक को निकलने का रास्ता नहीं मिला। इस दौरान ईशा की हालत और बिगड़ती गई। परिजनों ने बताया कि जैसे-तैसे बाजार से बाइक निकालकर परिजन किशनगंज स्थित एक अस्पताल में पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जाम के कारण बच्ची की मौत से आहत परिजनों ने मामले की शिकायत पुलिस से की भी। परिजनों की मांग थी कि इस स्थान से जाम हटवाया जाए, ताकि कोई और इसका शिकार न बन सके। सीओ वरुण कुमार मिश्रा का कहना है कि इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर समस्या का समाधान कराया जाएगा। संबंधित चौकी इंचार्ज को भी इस संबंध में निर्देशित किया जाएगा।

## डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय एवं ग्रैप सिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मध्य हुआ एमओयू



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डा. केएन मोदी विश्वविद्यालय मोदीनगरएवं ग्रैप सिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड नोएडा उत्तर प्रदेश के मध्य एमओयू हुआ। डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय द्वारा छात्र-छात्राओं को ट्रेनिंग और हैंड्स ऑन सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स के जरिए टेक्निकल स्किल्स को विकसित किया जा सके, जिससे कि छात्र-छात्राओं को एकेडमिक और टेक्निकली फायदा होगा।

ग्रैप सिटी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड एक बहुराष्ट्रीय सॉफ्टवेयर कॉर्पोरेशन है, जिसकी स्थापना 1980 में जापान में हुई थी और 1996 से भारत में इसकी उपस्थिति है। वे डेवलपर टूल्स, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट सर्विसेज, एजुकेशन सॉल्यूशंस और स्कूल मैनेजमेंट सिस्टम जैसे उत्पादों और सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करते हैं।

ग्रेपसिटी के मुख्य ऑफिस अमेरिका, जापान, भारत, चीन, दक्षिण कोरिया, मंगोलिया, वियतनाम व अल्बानिया में हैं। समझौता ज्ञापन पर डॉ0 केएन मोदी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. पीएन रिषीकेशा व ग्रैप सिटी की ओर से उनकी वाइस प्रेसिडेंट सुश्री नाने आओकी द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर ग्रेपसिटी इंडिया के सीनियर मैनेजर और कैंपस एंगेजमेंट मधु के बुजूए व डॉ0 केएन मोदी फाउंडेशन के कुलसचिव यूएन मिश्रा, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट अधिकारी अजय प्रजापति व आशीष मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर दोनों संस्थानों के बीच अकादमिक एवं तकनीकी सहयोग को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। इससे विद्यार्थियों और शोधार्थियों को व्यावहारिक अनुभव प्राप्त होगा।

इस अवसर पर कुलपति प्रो0 डॉ0 पीएन रिषीकेशा ने कहा कि यह समझौता विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं के इंटर्नशिप और प्लेसमेंट के संबंध मे एक मील का पत्थर साबित होगाए तथा यह समझौता विश्वविद्यालय लिए गौरव का विषय है और अनुसंधान एवं नवाचार के क्षेत्र में नई पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

## तीसरे दिन भी बैंक के बाहर धरना जारी




**– कई राजनीतिक व सामाजिक संगठनों ने दिया समर्थन**

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक शाखा के बाहर पीड़ित 32 लाख की ठगी के प्रकरण में परिजनों का धरना जारी है। बुधवार को सभासद संघर्ष समिति व भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) मोदीनगर प्रभारी के साथ सैकड़ो किसानों ने व प्राइवेट चिकित्सक मेडिकल एसोसिएशन ऑल इंडिया के सैकड़ो चिकित्सकों ने धरने पर आकर अपना समर्थन दिया। पीड़ित डॉ0 एसके शर्मा ने बताया कि घटना की जानकारी के दिन से ही प्रार्थी अपनी रिपोर्ट दर्ज करने के लिए थाने व बैंक के चक्कर लगा रहा, लेकिन अभी तक पीड़ित की रिपोर्ट तक दर्ज नही की गई है। तीसरे दिन धरने पर सभासद वेद प्रकाश चैधरी, बबीता शर्मा, चमनजहां, रजनी शर्मा, रेखा सुमन, सुषमा, आरती, भावना शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री रमेश प्रजापति, डॉ0 रतन सिंह यादव, रामकिशन शर्मा, बबली गुर्जर, नंदकिशोर शर्मा, गजेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, चांदवीर चैधरी, बीके शर्मा, महेश चंद शर्मा, लोकेश कुमार गुप्ता, जानी चैधरी, पं0 सतेन्द्र शर्मा आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहें।

## 10 दिन से लापता युवती का नहीं मिला सुराग

**नोएडा।** क्षेत्र के एक गांव से 10 दिन पहले लापता हुई युवती का अभी तक कोई सुराग नहीं मिल सका है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज किया था, जिसके बाद से लगातार उसकी तलाश की जा रही है। बता दें कि युवती 16 फरवरी को पड़ोसी के घर जाने की बात कहकर निकली थी। पता चला था कि युवती बुलंदशहर के दरवेशपुर-शिकारपुर निवासी एक युवक के साथ गई है। पुलिस सारे पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है ।

## इंस्टाग्राम स्टेट्स लगाया...पूरा हुआ बदला

**नोएडा।** लुक्सर गांव में नितिन की हत्या करने के बाद इंस्टाग्राम पर स्टेटस लगाया गया कि बदला पूरा हुआ। इसमें पूर्व में मारे गए विनय का फोटो भी लगाया गया। एक स्टेटस पर लिखा गया है कि बंदूक से जियो बंदूक से मारो। फोटो सामने आने के बाद पुलिस इन स्टेट्स लगाने वालों के बारे में जांच कर रही है। एक इंस्टाग्राम आईडी विनय के नाम से भी है। परिजनों के पास इनकी एक ऑडियो भी है, जिसमें मृतक नितिन व उनके परिवार के सदस्यों को फोन कर गाली गलौज और धमकी दी थी।

## कलाकोर क्रिएशन्स द्वारा दो दिवसीय कला प्रदर्शनी का आयोजन



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** शहर में रचनात्मकता को बढ़ावा देते हुए कलाकोर क्रिएशन्स ने अपने विद्यार्थियों को मंच प्रदान करने हेतु दो दिवसीय कला प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया। इस आयोजन की प्रेरणा संस्थापक रुचित राज भटनागर से मिली व पूरी प्रदर्शनी का संचालन रुचित भटनागर व आशीष कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्रदर्शनी को सफल बनाने में पायल, गुंजन, कशिश, दीपांशु, अनुष्का, पायल प्रजापति, एकता, खुशी, तनु, प्रेरणा, राधिका व रुचिका सहित पूरी टीम का सराहनीय प्रयास रहा। रुचित भटनागर ने बताया कि कलाकोर क्रिएशन्स एक वर्षीय डिप्लोमा कोर्स इन फैशन डिजाइनिंग एवं फाइन आर्ट्स भी संचालित करता है, जो भारत सरकार के नेशनल स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम ऑफ इंडिया से संबद्ध है। यह संस्थान उभरती प्रतिभाओं को निखारने के लिए निरंतर प्रयासरत है।




## क्या होली के बाद बदलेंगे एसीपी के प्लेस

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तबादलों की चर्चाएं खत्म नहीं हो रही है। बीते दिनों जिस प्रकार से छोटी-छोटी एक के बाद एक कई लिस्ट आईं हैं, ऐसी लिस्ट का टविस्ट फिर सुनाई दे सकता है। तो वहीं पुलिस के बीच चर्चाएं हैं कि होली के पर्व के बाद फिर एक बार एसीपी स्तर के अधिकारियों के फेस बदलने की चर्चा सुनाई दे रही है। बताया जा रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कुछ का प्रमोशन, तो कुछ का ट्रांसफर होने वाला बताया जा रहा है। उसके बाद फिर सिटी से लेकर दिया तो नदिया पार वाले जोन के साथ ही कई अन्य स्तर पर एसीपी अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव होगा। अब पुलिस सूत्रों की ओर से सुनने में आ रहा है की होली के बाद कभी भी एसीपी स्तर के अधिकारियों की प्रमोशन और तबादले वाली लिस्ट जारी की जा सकती है। इस लिस्ट का गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट पर बड़ा प्रभाव पड़ने वाला है। सुनने में आ रहा है कि एसीपी स्तर के चार अधिकारियों का एडीसीपी स्तर पर प्रमोशन हो जाएगा। तो वहीं तीन एसीपी ऐसे हैं जिनको जिले से बाहर जाने वाला आदेश भी आ सकता है।



अब कहा जा रहा है कि अगर यह वाला समीकरण बैठ गया और ऐसा होता है तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से लगभग आधा दर्जन एसीपी इधर से उधर होंगे। कुछ को नए प्लेस पर कुछ को रिप्लेस किया जा सकता है। तो कुछ एसीपी के जोन भी बदले जाएंगे, यह भी देखा जाएगा कौन नया आ रहा है और किसको क्या चांस मिलता है। कुल मिलाकर कहा जा रहा है कि मार्च वाले महीने में यह बदलाव वाला आदेश आ सकता है। जिसके बाद न सिर्फ सर्किल वाली पोजीशन चेंज होगी बल्कि सुनने में यह भी आ रहा है कि जोन पर भी इसका प्रभाव पड़ेगा। इन सबके बीच लोकल सूत्रों के अलावा भी लखनऊ वाले स्तर पर इसकी चर्चा सुनाई दे रही है। बताया जा रहा है कि जैसे ही यह लिस्ट आएगी, इसमें पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम पर अधिकारियों की नजर रहने वाली है। उधर सुनने में आ रहा है कि कई और ऐसे नाम हैं जो गाजियाबाद के लिए भी प्रयास लग रहे हैं। अब देखना होगा उनको सफलता मिलती है या मामला सेट नहीं हो पता है। कुल मिलाकर लिस्ट आने के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक बार फिर से एसीपी स्तर के अधिकारियों के समीकरण बदलेंगे।


## प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 28 ई.डब्ल्यू.एस. भवनों का लॉटरी ड्रॉ पारदर्शिता के साथ सम्पन्न





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा बुधवार को हिन्दी भवन, लोहिया नगर, गाजियाबाद में प्रातः 11:00 बजे से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत योजना संख्या-922-41डी, निजी विकासकर्ता मैसर्स एन्थम यथकीर्ति इन्फ्रासिटी प्रा०लि० बिल्डर्स, खसरा संख्या-823 मि0, 826 मि0, ग्राम नूरनगर एवं खसरा संख्या-839,840,841, 842,,843,834,835 व 838 ग्राम सद्दीकनगर गाजियाबाद में निर्मित 28 ई0डब्ल्यू0एस0 भवनों के आवंटन हेतु लॉटरी ड्रॉ का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इसी योजना के 3 वेटिंग सूची के आवेदकों के लिए भी लॉटरी प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं शासन के दिशा-निदेशों के अनुरूप सम्पन्न की गई, जिससे सभी पात्र आवेदकों को समान अवसर सुनिश्चित हो सके।

लॉटरी ड्रॉ की कार्यवाही अपर जिलाधिकारी, गाजियाबाद, अपर सचिव, वित्त नियंत्रक, परियोजना अधिकारी तथा सी0एल0टी0सी, गाजियाबाद की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आवेदकगण भी उपस्थित रहे और उन्होंने पूरी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के नागरिकों को किफायती एवं गुणवत्तापूर्ण आवास उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। इसी क्रम में निजी विकासकर्ता द्वारा निर्मित इन भवनों का आवंटन कर पात्र लाभार्थियों को शीघ्र ही आवास उपलब्ध कराया जाएगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा भविष्य में भी इसी प्रकार पारदर्शी एवं जनहितकारी आवंटन प्रक्रिया के माध्यम से आमजन को आवासीय सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा इन दिनों जर्मनी की यात्रा पर हैं। वो समय मिलते ही एक-एक पल का सद उपयोग वहां की एतिहासिक चीजों को देखने में कर रहे हैं। उन्होंने वहां के एतिहासिक किले की वास्तुकला को करीब से देखा और विजिटर मैनेजमेंट सिस्टम का अवलोकन किया। इतिहास और आधुनिक प्रबंध के अदभुत संगम को कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने प्रेरणादायक बनाया। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की ये पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# निरस्त्रीकरण सम्मेलन में भारत की अपील

## हथियारों की नई दौड़ रोके दुनिया, वैश्विक सुरक्षा पर दें ध्यान





**जिनेवा।** भारत ने जिनेवा में निरस्त्रीकरण सम्मेलन के दौरान दुनिया को हथियारों की नई रेस के प्रति आगाह किया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने परमाणु हथियारों के पहले इस्तेमाल न करने की नीति और सैन्य क्षेत्र में एआई पर इंसानी नियंत्रण की जरूरत पर जोर दिया। साथ ही भारत ने वैश्विक सुरक्षा के लिए सभी देशों से एकजुट होने की अपील की है।

भारत ने दुनिया में बढ़ती अस्थिरता और हथियारों की नई रेस को रोकने की जरूरत पर जोर दिया है। जिनेवा में निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में सुरक्षा का माहौल बहुत अनिश्चित है। सैन्य खर्च बढ़ रहा है और पुराने हथियार नियंत्रण समझौते कमजोर पड़ रहे हैं।

विदेश सचिव ने 'न्यू स्टार्ट' संधि के खत्म होने को वैश्विक हथियार नियंत्रण के लिए एक बड़ा झटका बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया की सुरक्षा के लिए रणनीतिक स्थिरता बनाए रखना अब पहले से कहीं ज्यादा जरूरी है। भारत एक जिम्मेदार परमाणु शक्ति संपन्न देश है। भारत अपनी परमाणु नीति के तहत भरोसेमंद न्यूनतम प्रतिरोध बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत 'नो-फर्स्ट यूज' (परमाणु हथियार का पहले इस्तेमाल न करना) की नीति का पालन करता है। साथ ही, भारत उन देशों के खिलाफ परमाणु हथियार इस्तेमाल नहीं करेगा जिनके पास ये हथियार नहीं हैं। विक्रम मिसरी ने परमाणु निरस्त्रीकरण के लिए एक चरणबद्ध और भेदभाव रहित तरीके की वकालत की।

उन्होंने कहा कि भारत ऐसी व्यवस्था चाहता है जिसे पूरी दुनिया माने और जिसकी सही तरीके से जांच हो सके। उन्होंने 'फिसाइल मटीरियल कट-ऑफ ट्रीटी' पर बातचीत का भी समर्थन किया।

तकनीक के क्षेत्र में हो रहे बदलावों पर भी भारत ने अपना पक्ष रखा। विदेश सचिव ने कहा कि नई तकनीक से सैन्य क्षमताएं तो बढ़ रही हैं, लेकिन इससे नए खतरे भी पैदा हो रहे हैं। उन्होंने मांग की कि संयुक्त राष्ट्र को इन तकनीकों के सुरक्षा पर पड़ने वाले असर की जांच करनी चाहिए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बारे में उन्होंने साफ किया कि सेना में एआई का इस्तेमाल जिम्मेदारी से होना चाहिए।

इसमें इंसानी फैसला और निगरानी बहुत जरूरी है ताकि अंतरराष्ट्रीय नियमों का पालन हो सके।

उन्होंने बताया कि भारत ने रक्षा क्षेत्र में भरोसेमंद एआई के लिए एक घरेलू ढांचा तैयार किया है। यह ढांचा सुरक्षा और पारदर्शिता जैसे सिद्धांतों पर आधारित है। उन्होंने यह भी साफ किया कि परमाणु हथियारों से जुड़े फैसले पूरी तरह इंसानों के हाथ में ही रहेंगे। विदेश सचिव ने भारत में हुए 'एआई इम्पैक्ट समिट 2026' का भी जिक्र किया। इसमें 100 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया था। इस समिट में एआई तकनीक को सभी देशों, खासकर ग्लोबल साउथ तक पहुंचाने पर जोर दिया गया।

अंतरिक्ष की सुरक्षा पर उन्होंने कहा कि आउटर स्पेस सहयोग का क्षेत्र होना चाहिए, न कि संघर्ष का। भारत अंतरिक्ष में हथियारों की होड़ रोकने के लिए कानूनी नियमों का समर्थन करता है। इसके अलावा, भारत दिसंबर 2025 में बायोलॉजिकल वेपन्स कन्वेंशन की 50वीं सालगिरह पर एक सम्मेलन की मेजबानी करेगा। अंत में, उन्होंने सभी देशों से अपील की कि वे छोटे हितों को छोड़कर सामूहिक सुरक्षा पर ध्यान दें और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाएं।

# ट्रंप सरकार के खिलाफ अमेरिकी राज्यों ने ही किया मुकदमा



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में टीकाकरण के मुद्दे पर विरोध शुरू हो गया है। दरअसल ट्रंप के नेतृत्व वाली संघीय सरकार ने राज्यों को बच्चों के टीकाकरण से जुड़ी सिफारिश में बदलाव किया है। इसके खिलाफ कई राज्यों ने ट्रंप सरकार के खिलाफ मुकदमा दायर कर दिया है।

बच्चों के लिए वैक्सीन की सिफारिश में बदलाव को लेकर ट्रंप सरकार घिरती नजर आ रही है। दरअसल 10 से ज्यादा अमेरिकी राज्यों ने ही अपनी संघीय सरकार के खिलाफ मुकदमा दायर कर दिया है। राज्यों ने सिफारिश में बदलाव को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए खतरा बताया है।

मंगलवार को राज्यों ने दलील दी कि सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन ने पिछले महीने यह घोषणा करके बच्चों की जान खतरे में डाल दी कि वह सभी बच्चों को फ्लू, रोटावायरस, हेपेटाइटिस अ, हेपेटाइटिस इ, कुछ तरह के मेनिनजाइटिस और फ्लश से बचाने के लिए वैक्सीन लगवाने की सलाह देना बंद कर देगा।

सरकार के नए दिशा-निर्देशों की चिकित्सा विशेषज्ञों ने आलोचना की थी। एरिजोना और कैलिफोर्निया समेत दर्जन भर राज्यों ने कहा कि नई वैक्सीन की सलाह लंबे समय से चली आ रही मेडिकल गाइडेंस को नजरअंदाज करती है और इससे राज्यों को बीमारी फैलने से रोकने के लिए ज्यादा खर्च करना पड़ेगा। एरिजोना के अटॉर्नी जनरल क्रिस मेयस ने एक प्रेस वार्ता में कहा, 'पूरे देश में बच्चों की सेहत और सुरक्षा कोई राजनीतिक मुद्दा नहीं है। डिपार्टमेंट ऑफ हेल्थ एंड ह्यूमन सर्विसेज की प्रेस सेक्रेटरी एमिली जी हिलियार्ड ने इस शिकायत को एक पब्लिसिटी स्टंट बताकर खारिज कर दिया।

# नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधान मंत्री ने खुलेआम स्वीकारी समलैंगिक होने की बात



**एम्सटर्डम।** रॉब जेटेन, नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री बन गए हैं। रॉब जेटेन खुलेआम तौर पर समलैंगिक होने की बात स्वीकार कर चुके हैं। हालांकि रॉब जेटेन के नेतृत्व वाला गठबंधन सदन में अल्पमत में है और उन्हें कोई भी कानून बनाने के लिए खासी मशक्कत करनी पड़ेगी।

रॉब जेटेन, नीदरलैंड के सबसे युवा प्रधानमंत्री चुने गए हैं। 38 वर्षीय जेटेन इसलिए भी चर्चा में हैं क्योंकि उन्होंने सार्वजनिक तौर पर समलैंगिक होने की बात स्वीकार की है और वे डच इतिहास के पहले समलैंगिक प्रधानमंत्री हैं।

**अल्पमत सरकार के मुखिया**

रॉब जेटेन डेमोक्रेट्स 66 पार्टी के नेता हैं और फिलहाल डेमोक्रेट्स 66, क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स और पीपल्स पार्टी फॉर फ्रीडम एंड डेमोक्रेसी के गठबंधन का नेतृत्व कर रहे हैं। नीदरलैंड की 150 सदस्यों वाली संसद में इस गठबंधन के 66 सांसद हैं और इससे साफ है कि कानून पारित कराने के लिए रॉब जेटेन की सरकार को खासी मशक्कत करनी पड़ेगी।

**रोबोट जेटेन नाम से चर्चित**

रोबोट जेटेन सवालों के जवाब देने की भी प्रैक्टिस करते हैं, जिसके चलते उन्हें रोबोट जेनेट के उपनाम से भी जाना जाता है। जेटेन साल 2008 में सक्रिय राजनीति में उतरे और डेमोक्रेट्स 66 पार्टी के नीति अधिकारी के तौर पर काम शुरू किया। जल्द ही वे पार्टी की युवा ईकाई में बड़ा नाम बनकर उभरे। इसके बाद जेटेन ने पार्टी के संसदीय दल के नेता के तौर पर भी काम किया।

राजनीति के साथ-साथ जेटेन ने प्रबंधन सलाहकार के तौर पर भी काम किया। साल 2017 में जेटेन नीदरलैंड्स के निचले सदन के लिए चुने गए और साल 2023 में डेमोक्रेट्स 66 पार्टी के नेता चुने गए।

जेटेन साल 2022 से 2024 के बीच जलवायु मंत्री के तौर पर भी काम कर चुके हैं।

जेटेन के नेतृत्व वाली सरकार को रक्षा खर्च, शरणार्थियों के मुद्दे पर विपक्षी पार्टियों के साथ खासा तालमेल बनाकर चलना होगा। जेटेन के पार्टनर, अर्जेंटीना के फील्ड हॉकी खिलाड़ी निकोलस कीनन हैं।

# अवामी लीग के नेताओं की जमानत पर अदालत में वकीलों ने की बदसलूकी

## मानवाधिकार संगठन ने की कड़ी निंदा



**ढाका।** बांग्लादेश के बारिशाल में अवामी लीग नेताओं को जमानत मिलने पर वकीलों ने कोर्ट में हंगामा और जज से बदसलूकी की। मानवाधिकार संगठन जेएमबीएफ ने इसे न्यायपालिका की आजादी पर हमला बताया है। संगठन ने हाई कोर्ट के जज से मामले की न्यायिक जांच कराने और दोषियों को सजा देने की मांग की है।

बांग्लादेश के बारिशाल जिले की एक अदालत में अवामी लीग के कई नेताओं को जमानत दी गई। इसके बाद कोर्ट परिसर में कुछ वकीलों ने जमकर बदसलूकी की। पेरिस स्थित अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन 'जस्टिस मेकर्स बांग्लादेश इन फ्रांस' (जेएमबीएफ) ने इस घटना की कड़ी आलोचना की है। संगठन ने इसे लोकतंत्र, कानून के शासन और न्यायपालिका की आजादी पर सीधा हमला बताया है।

जेएमबीएफ का आरोप है कि विपक्षी पार्टी बीएनपी से जुड़े वकीलों का व्यवहार बेहद निंदनीय था। ये वकील जबरदस्ती कोर्टरूम में घुस गए और बेंच के साथ धक्का-मुक्की की। उन्होंने जज के साथ भी बुरा बर्ताव किया। वकील उन पर चिल्ला रहे थे और उनकी तरफ उंगली दिखाकर दबाव बना रहे थे। यह घटना मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट एस. एम. शरियत उल्लाह की अदालत में हुई।

संगठन के संस्थापक अध्यक्ष शाहनूर इस्लाम ने कहा कि यह घटना न्यायपालिका की गरिमा और सुरक्षा पर बड़े सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि फैसले से असहमति होने पर ऊपरी अदालत में अपील करनी चाहिए।

कोर्ट को युद्ध का मैदान बनाना गलत है। और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए।

ये वकील बिना अपील या किसी सही प्रक्रिया को अपनाए जज पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे। कुल मिलाकर ये न्याय को प्रभावित करने की कोशिश थी। मानवाधिकार संगठन ने मांग की है कि इस मामले की न्यायिक जांच होनी चाहिए। इसके लिए हाई कोर्ट के जज की अगुवाई में एक आयोग बनाया जाए। दोषियों की पहचान कर उन्हें पारदर्शी तरीके से सजा मिलनी चाहिए।

जेएमबीएफ ने कहा कि कोर्टरूम में गैर-कानूनी तरीके से घुसना, बेंच पर मारपीट करना, जज पर उंगली उठाना और चिल्लाना, और न्यायिक कार्रवाई में रुकावट डालना साफ तौर पर कोर्ट की अवमानना है और ये सजा के लायक अपराध हैं जिनसे उसी हिसाब से निपटना चाहिए। संगठन ने जोर दिया कि न्यायपालिका को बिना किसी बाहरी प्रभाव या दबाव के काम करने देना चाहिए।

# 'त्रिपक्षीय वार्ता से पहले अमेरिकी दूतों से मिलेगा यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल', जेलेंस्की ने की पुष्टि



**कीव।** जिनेवा में रूस के साथ त्रिपक्षीय वार्ता से पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति ने कहा कि उनका एक प्रतिनिधिमंडल अमेरिका के विशेष दूतों के साथ बैठक करेगा, जिसमें यूक्रेन के पुनर्निर्माण समेत कई मुद्दों पर चर्चा की उम्मीद है। पढ़ें रिपोर्ट-

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि उनके देश का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को अमेरिकी दूतों से मुलाकात करेगा। यह मुलाकात रूस के साथ होने वाली एक और त्रिपक्षीय वार्ता से पहले होगी।

जेलेंस्की ने आज पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि यूक्रेन की राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा परिषद के सचिव रुस्तम उमेरोव अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रंप के दामाद जरेड कुशनर से बातचीत करेंगे। उमेरोव की प्रेस सचिव डायना दावित्यान ने कहा कि यह बैठक जिनेवा में होगी। स्विट्जरलैंड का शहर जिनेवा उसी दिन अमेरिका और ईरान के बीच परमाणु मुद्दे पर होने वाली वार्ता की भी मेजबानी करेगा।

अमेरिका की शांति पहल के तहत इस वर्ष रूस और यूक्रेन के बीच अबू धाबी और जिनेवा में वार्ता हो चुकी है। लेकिन दोनों देशों के बीच मुख्य मतभेदों को दूर करने में अब तक कोई बड़ी प्रगति नहीं हुई है। रूस का अपने पड़ोसी देश के खिलाफ युद्ध अब पांचवें वर्ष में प्रवेश कर चुका है।

**भारी बमबारी के बावजूद यूक्रेन को नहीं हरा पाया रूसः जेलेंस्की**

इससे पहले मंगलवार को जेलेंस्की ने एक कार्यक्रम में कहा कि रूस अपनी बड़ी सेना तथा नागरिक इलाकों पर भारी बमबारी के बावजूद यूक्रेन को हरा नहीं पाया है और न ही यूक्रेन की भावना को तोड़ पाया है।

## यूक्रेन ने पूर्वी इलाकों में रूसी सेना को पीछे धकेलाः युद्ध अध्ययन संस्थान

युद्ध अध्ययन संस्थान ने बताया कि पूर्वी इलाकों में करीब 1,250 किलोमीटर लंबी फ्रंट लाइन के कुछ हिस्सों पर हाल के महीनों में यूक्रेनी बलों ने रूसी सेना को पीछे धकेला है। वाशिंगटन स्थित इस शोध संस्थान ने कहा कि ये वर्ष 2024 के बाद की सबसे बड़ी बढ़त है। लेकिन सैनिकों की कमी के कारण इनके बड़े हमलों में बदलने की संभावना कम है। फिर भी, इससे रूस की वसंत और ग्रीष्मकालीन आक्रमण की योजना में बाधा आ सकती है। यूक्रेन ने लगभग हर रात रूस के भीतर सैन्य और सहयोगी ढांचे पर लंबी दूरी के ड्रोन हमले जारी रखे हैं।

### 100 साल पुराने रेस्तरां वीरास्वामी को बचाने की मांग बकिंघम पैलेस पहुंची

**ब्रिटेन।** लंदन के प्रसिद्ध भारतीय रेस्तरां वीरास्वामी को बंद होने से बचाने की मांग अब बकिंघम पैलेस तक पहुंच गई है। 20 हजार से अधिक लोगों ने एक याचिका पर हस्ताक्षर कर किंग चार्ल्स तृतीय से हस्तक्षेप की अपील की है।

रेस्तरां के कर्मचारी और समर्थक पैलेस के बाहर इकट्ठा हुए और अपनी मांग रखी। याचिका की एक प्रति क्राउन एस्टेट को भी सौंपी गई, जो रीजेंट स्ट्रीट स्थित विक्ट्री हाउस इमारत का मालिक है। इसी इमारत में वीरास्वामी पिछले करीब 100 साल से संचालित हो रहा है। प्रबंधन का कहना है कि रेस्तरां मार्च 1926 में शुरू हुआ था और यह भारत-ब्रिटेन सांस्कृतिक संबंधों का प्रतीक बन चुका है। यहां कई प्रसिद्ध हस्तियां भोजन कर चुकी हैं। क्राउन एस्टेट का कहना है कि इमारत में बड़े स्तर पर मरम्मत की जरूरत है और जगह का उपयोग कार्यालय के रूप में किया जाएगा।

# सीमा विवाद के बीच गिनी की सेना ने सिएरा लियोन के सुरक्षाकर्मियों को हिरासत में लिया



**नई दिल्ली।** सिएरा लियोन सरकार ने मंगलवार को बताया कि उसकी सुरक्षा टीम के कई सदस्यों, जिनमें एक अधिकारी भी शामिल है, को पड़ोसी देश गिनी की सेना ने सीमा पार ले जाकर हिरासत में ले लिया है। दोनों पश्चिमी अफ्रीकी देशों के बीच पिछले दो दशकों से सीमा विवाद चला आ रहा है, जिसकी जड़ 1991 से 2002 के बीच हुए सिएरा लियोन के गृहयुद्ध से जुड़ी है। उस समय सिएरा लियोन सरकार ने अपनी पूर्वी सीमा की सुरक्षा के लिए गिनी को आमंत्रित किया था, लेकिन युद्ध समाप्त होने के बाद भी गिनी की सेना पूरी तरह वापस नहीं गई।

पिछले वर्ष गिनी की सेना सिएरा लियोन के एक खनिज-समृद्ध सीमावर्ती शहर में दाखिल हुई थी, जिससे क्षेत्रीय स्तर पर चिंता पैदा हो गई थी। सरकारी बयान के अनुसार, ताजा घटना सोमवार को फालाबा जिले के सीमावर्ती कस्बे कालीयेरेह में हुई। यहां सिएरा लियोन की सेना और पुलिस के जवान सीमा चौकी और आवासीय सुविधा के निर्माण के लिए ईंटें बना रहे थे।

इसी दौरान गिनी की सेना ने उन्हें हिरासत में ले लिया। सरकार ने बताया कि हिरासत में लिए गए सुरक्षाकर्मियों के हथियार और गोला-बारूद भी जब्त कर लिए गए हैं। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं किया गया कि कुल कितने लोगों को गिनी ले जाया गया।

# पूर्व राज्य खुफिया सेवा प्रमुख सुरेश सैली गिरफ्तार

## 2019 ईस्टर बम धमाकों में शामिल होने का आरोप





**कोलम्बो।** श्रीलंका के पुर्व राज्य खुफिया सेवा प्रमुख को सीआईडी के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। उन पर 2019 में हुए ईस्टर बम धमाकों पर शामिल होने का आरोप है।

श्रीलंका के पूर्व राज्य खुफिया सेवा प्रमुख सुरेश सैली को को गिरफ्तारी हो गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक उन्हें 2019 ईस्टर बम धमाकों के सिलसिले में हिरासत में लिया गया है। उन्हें अपराध जांच विभाग द्वारा कोलंबो के सबअर्ब पेलियागोड़ा से गिरफ्तार किया गया है।


लश्कर की नई आतंकी चाल बेनकाबः पर्दे के पीछे था बांग्लादेश में बैठा हैंडलर शब्बीर, दिल्ली पुलिस का बड़ा खुलासा


सूत्रों के मुताबिक उन्हें 2019 ईस्टर संडे बम धमाकों से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया गया है। इसमें कोलंबो के चर्चों और फाइव-स्टार होटलों में 11 भारतीयों समेत 270 लोग मारे गए थे।

जब यह हमले हुए, तब सैली विदेश में एक राजनयिक के पद पर काम कर रहे थे। यह हमले एक लोकल मिलिटेंट ग्रुप ने किए थे। आरोप थे कि रक्षा प्रतिष्ठान के पास इन हमलों के बारे में पहले से जानकारी थी, जिसमें भारत द्वारा साझा की गई वॉर्निंग भी शामिल थी, लेकिन उन्होंने समय पर एक्शन नहीं लिया।

उस समय राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना की सरकार पर भारत द्वारा शेयर की गई खुफिया जानकारी के बावजूद हमलों को रोकने के लिए कोई एक्शन न लेने का आरोप था। अभी की नेशनल पीपुल्स पावर सरकार ने 2024 के आखिर में ईस्टर टेरर अटैक की जांच फिर से शुरू की, जिसमें कहा गया कि राजनीतिक प्रभावों की वजह से पहले मामले को दबाया गया था। गिरफ्तारी पर पुलिस का कोई आधिकारिक बयान अभी तक नहीं आया है।

# इस्राइल से क्या हासिल कर सकता है भारत



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार (25 फरवरी) को इस्राइल का दौरा शुरू कर रहे हैं। 2017 के बाद यह इस देश का उनका दूसरा दौरा है। माना जा रहा है कि बीते एक दशक में भारत-इस्राइल के संबंध जिस तेजी से बढ़े हैं, अब पीएम मोदी के दौरे से यह रिश्ते नए पड़ाव में पहुंच जाएंगे।

पीएम मोदी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब पश्चिम एशिया में तनाव जारी है। एक तरफ ईरान पर अमेरिकी हमले का खतरा बरकरार है तो दूसरी तरफ इस्राइल भी लंबे समय से फलस्तीन में हमास से संघर्ष में जुटा है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी की इस्राइल यात्रा पर पूरी दुनिया की नजर बनी हुई है। माना जा रहा है कि पीएम मोदी और इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू अपनी मुलाकात के दौरान रक्षा से लेकर व्यापार और तकनीक से लेकर कृत्रिम बुद्धिमता (एआई) के मुद्दे पर समझौता कर सकते हैं।

**1. रक्षा और सुरक्षा**

प्रधानमंत्री मोदी के इस्राइल दौरे के सबसे अहम बिंदु रक्षा और सुरक्षा पर होने वाले समझौते होंगे। भारत इस क्षेत्र में हथियार खरीद से लेकर उन्नत तकनीक हासिल करने पर जोर दे सकता है। मौजूदा समय में भारत इस्राइल का सबसे बड़ा रक्षा खरीदार है। इस दौरे पर 2026 के लिए 8.6 अरब डॉलर के हथियार सौदों को मंजूरी मिल सकती है, जिसमें सटीक निशाना लगाने वाले युद्धक हथियार, मिसाइलें और बैलिस्टिक मिसाइल प्रणालियां शामिल हैं।

उन्नत तकनीक की खरीदः इस समझौते के तहत भारत को इस्राइल के उन्नत वायु रक्षा प्रणालियों तक पहुंच मिल सकती है, जिसमें अत्याधुनिक लेजर-आधारित आयरन बीम शामिल है। साथ ही गोल्डन होराइजन एयर-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइल पर भी चर्चा हो सकती है। इस मिसाइल को ब्रह्मोस से भी तेज बताया जाता है।

संयुक्त परियोजनाएंः एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली, निर्देशित-ऊर्जा लेजर हथियारों, लंबी दूरी की मिसाइलों और नेक्स्ट-जेनरेशन ड्रोन के संयुक्त विकास पर विचार-विमर्श होने की संभावना है।

**2. प्रौद्योगिकी और नवाचार**

दोनों नेताओं के बीच आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), क्वांटम कंप्यूटिंग और साइबर सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग पर अहम चर्चा होगी। पीएम मोदी यरूशलम में एक प्रौद्योगिकी प्रदर्शनी का भी दौरा करेंगे।

इस्राइली सरकार ने भारत के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए चार करोड़ डॉलर की योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत भारत में 10 नए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इसके अलावा टेलीमेडिसिन और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में भी संयुक्त कार्यक्रम शुरू होंगे।

**3. व्यापार और अर्थव्यवस्था**

मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए): दोनों देश वर्तमान में मुक्त व्यापार समझौते को लेकर बातचीत कर रहे हैं और इस वर्ष इसके पूरा होने की उम्मीद है। माना जा रहा है कि पीएम मोदी और उनके इस्राइली समकक्ष इसकी आधारभूत शर्तें तय करेंगे। निवेश और बुनियादी ढांचाः इस्राइल भारतीय इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों को अपने देश में निर्माण और निवेश करने के लिए न्योता दे रहा है। पिछले साल सितंबर में दोनों देशों ने निवेशकों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए एक नई द्विपक्षीय निवेश संधि पर भी हस्ताक्षर किए थे।

### दक्षिण-पूर्वी ब्राजील में भीषण बाढ़, कम से कम 25 की मौत



**ब्राजील।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी हिस्से में आई भीषण बाढ़ में कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है, जबकि दर्जनों लोग लापता बताए जा रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार सबसे ज्यादा प्रभावित मिनास गेरैस प्रांत में हालात बेहद गंभीर बने हुए हैं। मौसम वैज्ञानिकों ने आने वाले दिनों में और बारिश की चेतावनी दी है। मूसलाधार बारिश सोमवार को जुइज डी फोरा और उबा शहरों में शुरू हुई, जो रियो डी जनेरियो से लगभग 310 किलोमीटर उत्तर में स्थित हैं। भारी वर्षा के कारण करीब 440 लोगों को अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों पर जाना पड़ा। मिनास गेरैस के अग्निशमन विभाग ने बताया कि सोमवार देर रात से अब तक 43 लोग लापता हैं और उनकी तलाश जारी है।

गाजियाबाद नगर निगम Ghaziabad Nagar Nigam (ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# सोशल मीडिया पर फायरिंग की रील डालकर दहशत फैलाने वाला बीबीए का छात्र गिरफ्तार

## ऑपरेशन प्रहार में क्राइम ब्रांच स्वाट टीम ने की कार्रवाई, अवैध हथियार और ब्रेजा कार बरामद





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोशल मीडिया पर अवैध हथियारों से फायरिंग की रील डालकर दबंगई और खौफ का माहौल बनाने वाले युवक को पुलिस कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच स्वाट टीम ने गिरफ्तार कर लिया है।



यह कार्रवाई पुलिस कमिश्नरेट द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन प्रहार के तहत की गई, जिसका मकसद हथियारों की तस्करी, अवैध इस्तेमाल और सोशल मीडिया के जरिए अपराध के महिमामंडन पर पूरी तरह लगाम लगाना है। युवक की लगातार ऐसी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थीं, जिनमें वह अलग-अलग हथियारों से फायरिंग करता नजर आ रहा था। इन रीलों से न केवल कानून-व्यवस्था पर असर पड़ रहा था, बल्कि युवाओं में गलत संदेश भी जा रहा था। सोशल मीडिया मॉनिटरिंग और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बुधवार को थाना सिहानी गेट क्षेत्र से आरोपी को दबोच लिया गया। स्वाट टीम अपराध शाखा और थाना सिहानी गेट पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी के कब्जे से 02 नाजायज पिस्टल (.32 बोर) मय मैगजीन, 04 जिंदा कारतूस (.32 बोर) 01 सफेद रंग की ब्रेजा कार बरामद की गई। आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### बीबीए पढ़ा है आरोपी

**करंट क्राइम :** इंस्पेक्टर अनिल राजपूत ने बताया है कि पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह मूलरूप से मसूरी, गाजियाबाद का निवासी है और बीबीए तक पढ़ा-लिखा है। उसने स्वीकार किया कि उसे हथियार रखने और फायरिंग करने का शौक था। आरोपी के मुताबिक, उसने पिस्टल और कारतूस संजय नगर सेक्टर-23 निवासी एक व्यक्ति से खरीदे थे और शादियों व अन्य समारोहों में दोस्तों के साथ फायरिंग कर रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालता था।

### एडिशनल सीपी का सख्त संदेश

**करंट क्राइम :** इस कार्रवाई पर एडिशनल सीपी राज करन नैय्यर ने साफ शब्दों में कहा कि हथियारों के साथ खिलवाड़ किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जो लोग अवैध हथियारों के साथ फोटो-वीडियो डालकर माहौल खराब करेंगे, उन्हें सीधे जेल भेजा जाएगा। पता चला है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने क्राइम ब्रांच प्रभारी अनिल राजपूत और उनकी टीम को विशेष टास्क सौंपा था, जिसे टीम ने सफलतापूर्वक अंजाम दिया। वहीं कमिश्नरेट पुलिस ने स्पष्ट किया है कि ऑपरेशन प्रहार के तहत अवैध हथियारों की तस्करी, उनके इस्तेमाल और सोशल मीडिया पर अपराध को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी। ऐसे तत्वों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

# होली के बाद होगी नगर निगम बोर्ड बैठक 28 फरवरी पर भी संशय बरकरार

## टैक्स मुद्दे पर फिर गरमा सकती है सियासत, पार्षदों को अब तक नहीं मिला एजेंडा



फाइल फोटो

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद नगर निगम की प्रस्तावित बोर्ड बैठक एक बार फिर टलती हुई नजर आ रही है। पहले यह बैठक 24 फरवरी को तय की गई थी, लेकिन मतदाता पुनरीक्षण (एसआईआर) और चुनाव संबंधी प्रशासनिक कार्यों के चलते इसे 28 फरवरी के लिए निर्धारित किया गया।

अब निगम प्रशासन की ओर से संकेत मिल रहे हैं कि बैठक अधिकारियों की उपलब्धता के बाद, यानी होली के बाद ही कराई जाएगी। इधर, 28 फरवरी की संभावित बैठक को लेकर अभी तक पार्षदों को कोई एजेंडा या औपचारिक सूचना जारी नहीं की गई है। पार्षदों का कहना है कि यदि बैठक तय होती तो एजेंडा पहले ही जारी कर दिया जाता।

इससे 28 फरवरी को बैठक होने की संभावना और कम हो गई है। उधर, नगर निगम में टैक्स को लेकर चल रहा विवाद एक बार फिर चर्चा में है। पार्षद संघर्ष समिति और कुछ पूर्व पार्षदों द्वारा सोशल मीडिया और विभिन्न समूहों में नागरिकों से टैक्स जमा न करने की अपील किए जाने की जानकारी सामने आई है। सूत्रों के अनुसार, पार्षद इस मुद्दे पर महापौर से दोबारा मुलाकात कर सकते हैं और जनप्रतिनिधियों का समर्थन भी ले सकते हैं।

अब बताया जा रहा है कि टैक्स निर्धारण से संबंधित मामला न्यायालय में था और उसके निर्णय के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट होगी। ऐसे में माना





जा रहा है कि होली के बाद होने वाली बोर्ड बैठक में टैक्स का मुद्दा प्रमुख रूप से उठेगा और सदन में तीखी बहस देखने को मिल सकती है।

नगर निगम की ओर से पूर्व में जानकारी दी थी कि बैठक की नई तारीख जल्द घोषित की जाएगी। फिलहाल आधिकारिक रूप से होली के बाद बैठक कराए जाने की तैयारी की जा रही है। कुल मिलाकर, नगर निगम की बोर्ड बैठक की नई तारीख को लेकर सस्पेंस बरकरार है, लेकिन इतना तय माना जा रहा है कि होली के बाद होने वाली बैठक में टैक्स और प्रशासनिक मुद्दों पर जोरदार चर्चा होगी।

# अवैध गांजा व शराब तस्करी के 5 आरोपी गिरफ्तार, पुलिस ने बड़ी बरामदगी की



**नोएडा ।** थाना सेक्टर-20 पुलिस ने अवैध रूप से गांजा व शराब बेचने वाले 5 शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 10 किलो 500 ग्राम गांजा और 111 पव्वा देशी शराब बरामद किया है। पुलिस बदमाशों के अन्य साथियों की तलाश कर रही है।

थाना सेक्टर-20 के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि थाना पुलिस ने लोकल इंटेलिजेंस व बीट पुलिसिंग की सहायता से गांजा तस्करी करने वाले 2 शातिर अभियुक्त 1उदय राय पुत्र गंगाराम राय तथा अर्जुन कुमार पुत्र परमानन्द महतो को डीएनडी रोड़ जेजे कॉलोनी, सेक्टर-17 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से कुल 10 किलो 500 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्त गैर राज्यों से गांजा की तस्करी कर एनसीआर के विभिन्न क्षेत्रों में बेचने का काम कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि इसके अलावा थाना पुलिस ने राहुल पुत्र अरविंद को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 25 अद्धा हरियाणा मार्का शराब बरामद किया है।

उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह काफी दिनों से तस्करी की शराब बेचने के धंधे में संलिप्त था। थाना प्रभारी ने बताया कि एक अन्य मामले में थाना पुलिस ने राजकुमार को गिरफ्तार किया है। इसके पास से पुलिस ने 42 पाउच देशी शराब बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इसकी गिरफ्तारी सेक्टर 28 के पास से हुई है। उन्होंने बताया कि एक अन्य मामले में जितेंद्र निषाद को गिरफ्तार किया है।

# मतदाता सूची में लापरवाही पड़ी भारी, 21 बीएलओ का वेतन रोका

## नगर मजिस्ट्रेट का सख्त आदेश, फरवरी माह का वेतन रुका




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 56-गाज़ियाबाद में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान में लापरवाही सामने आने पर प्रशासन ने कड़ा कदम उठाया है। नगर मजिस्ट्रेट एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने 25 फरवरी 2026 को जारी आदेश में 21 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का फरवरी माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। आदेश के अनुसार 01 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के आधार पर चल रहे पुनरीक्षण अभियान के तहत बीएलओ को घर-घर सत्यापन, नए मतदाताओं का पंजीकरण, मृत और स्थानांतरित मतदाताओं के नाम हटाने तथा संबंधित डाटा को ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। निरीक्षण में पाया गया कि कई बीएलओ द्वारा निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं किया गया और आवश्यक प्रपत्रों का सत्यापन लंबित है।

आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण और समयबद्ध होता है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 के तहत मतदाता सूची की तैयारी और संशोधन में लापरवाही गंभीर मानी जाएगी। संबंधित कर्मियों की कार्यशैली को चुनावी प्रक्रिया में बाधा की स्थिति मानते हुए वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है।

सूची में शहर के विभिन्न वार्डों और विद्यालयों से जुड़े 21 बीएलओ के नाम दर्ज हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि यदि लंबित कार्य शीघ्र पूर्ण नहीं किए गए तो आगे और भी कठोर कार्रवाई की जा सकती है।

चुनावी तैयारियों के बीच प्रशासन की इस कार्रवाई से बीएलओ और संबंधित कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

# फैजल उर्फ फैसल पर न्यायालय की सख्ती

## 25 मार्च तक कोर्ट में हाजिर न हुआ तो होगी कुर्की



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में दर्ज मु0अ0सं0 890/2025 के वांछित अभियुक्त फैजल उर्फ फैसल पुत्र प्यार मोहम्मद के खिलाफ न्यायालय ने सख्त रुख अपनाया है।

आरोपी निवासी पावी सादिकपुर, थाना ट्रॉनिका सिटी है और लंबे समय से फरार चल रहा है। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध धारा 18(2)/319(2)/336(3)/338/340(2)/61(2) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के अंतर्गत मुकदमा दर्ज है। लगातार फरार रहने पर माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद द्वारा उसके विरुद्ध धारा 84 बीएनएसएस के तहत कुर्की की उद्घोषणा जारी कर दी गई है।

न्यायालय के आदेश के मुताबिक यदि अभियुक्त 25/03/2026 तक गिरफ्तार नहीं होता है अथवा स्वयं न्यायालय में उपस्थित नहीं होता है, तो उसके विरुद्ध धारा 85 बीएनएसएस के अंतर्गत आदेशिका जारी कर संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि न्यायालय के आदेशों का अनुपालन हर हाल में कराया जाएगा और फरार आरोपियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई जारी रहेगी।

# अनिल दुजाना-बलराम ठाकुर गैंग का कुख्यात शूटर अब्बास उर्फ बाबू गिरफ्तार

## मसूरी में देर रात क्राइम ब्रांच से हुआ एनकाउंटर, दोनों पैरों में लगी गोली



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए क्राइम ब्रांच सवॉट और थाना मसूरी पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अनिल दुजाना और बलराम ठाकुर गैंग के लिए रंगदारी वसूलने वाला कुख्यात बदमाश अब्बास उर्फ बाबू पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया।

एनकाउंटर के दौरान आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी, जिससे वह मौके पर ही लंगड़ा हो गया। पुलिस के अनुसार, बुधवार देर रात बाबू के मसूरी क्षेत्र के नाहल गांव में आने की पुख्ता सूचना मिली थी। क्राइम ब्रांच स्वॉट और मसूरी पुलिस ने संयुक्त घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी और भागने की कोशिश की। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली उसके पैरों में लगी और उसे घायल अवस्था में

### वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में ऑपरेशन

**करंट क्राइम :** इस कार्रवाई का नेतृत्व एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने किया। तो वहीं मौके पर एसीपी क्राइम अमित सक्सेना, क्राइम ब्रांच स्वॉट टीम प्रभारी इंस्पेक्टर अनिल राजपूत, स्वाट टीम, एसएचओ मसूरी अजय और नाहल चौकी प्रभारी अरुण सिंह अपनी टीमों के साथ मौजूद रहे। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक तमंचा, तीन खोखे, जिंदा कारतूस और चोरी की केटीएम मोटरसाइकिल बरामद की है। करंट क्राइम : पुलिस ने बताया है कि 29 वर्षीय अब्बास उर्फ बाबू, थाना जहांगीराबाद (बुलंदशहर) का निवासी है। उसके खिलाफ बुलंदशहर, अलीगढ़ और गाजियाबाद में लूट, डकैती, गैंगस्टर एक्ट, दहेज हत्या और रंगदारी जैसे गंभीर मामलों सहित आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस को उसकी तलाश करीब एक साल से थी।

### क्राइम ब्रांच स्वॉट अनिल दुजाना गैंग पर रही है लगातार प्रहार



**करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच स्वॉट की नजर लंबे समय से अनिल दुजाना गैंग पर बनी हुई है। इससे पहले गैंग का कुख्यात सदस्य बलराम ठाकुर पुलिस एनकाउंटर में मारा जा चुका है। अब उसके करीबी और सक्रिय गुर्गे अब्बास उर्फ बाबू की गिरफ्तारी को पुलिस बड़ी कामयाबी मान रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, अब्बास उर्फ बाबू कई अन्य बदमाशों के संपर्क में भी था। उसकी कॉल डिटेल और आपराधिक नेटवर्क खंगाले जा रहे हैं, ताकि गैंग के बाकी सदस्यों तक पहुंच बनाई जा सके।

# अगर क्षेत्रीय अध्यक्ष से पहले घोषित हो गई महानगर की टीम

## तो बदल जायेगा सीन और परिवर्तित दिखेगी थीम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा में संगठन परिवर्तन के संकेत अब क्षेत्र और महानगर स्तर पर सुनाई देने लगे हैं। दरअसल राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष की ताजपोशी के बाद से ही इस बात का इंतजार हो रहाहै कि महानगर की टीम घोषित हो जाये। महानगर की टीम में आने के लिए कई चेहरे प्रयासरत हैं और सूत्र बताते हैं कि अगर यहां पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा हो गई तो महानगर की टीम का सीन बदल जायेगा। भाजपा ने मंडल अध्यक्ष घोषित कर दिये और अब क्षेत्रीय टीम से लेकर महानगर की टीम पर सबकी निगाह है।

माना ये जा रहा है कि प्रशिक्षण शिविर के बाद से और होली के बाद ये घोषणा हो सकती है। यहां पर जो कयास लग रहे हैं वो ये है कि पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष घोषित होंगे या पहले महानगर की टीम के चेहरे घोषित होंगे। भाजपा प्रदेश की टीम घोषित होते ही क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा होती है। ऐसे में अगर प्रदेश टीम घोषित हो जाती है तो क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा हो जायेगी। प्रदेश टीम के मोर्चा वाले नाम भी घोषित होंगे। चर्चा ये चल रही है कि क्या इस बार परिपाटी बदलेगी।

क्या इस बार फार्मेट अलग होगा। सूत्र बताते हैं कि चर्चा ये है कि पहले महानगर की टीम घोषित होगी और उसके बाद प्रदेश की टीम और फिर क्षेत्रीय अध्यक्ष की घोषणा होगी।

वहीं फार्मेट चेंज वाली चर्चा में ये भी सुनाई दे रहा है कि फार्मेट कोई सा भी लगे लेकिन पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष घोषित हो जाते हैं तो फिर यहां महानगर की टीम में उनका दखल रहेगा और ये सीन केवल पश्चिमी उत्तर प्रदेश नहीं बल्कि सभी क्षेत्रीय अध्यक्षों के फ्रेम में आयेगा।

दूसरी चर्चा ये है कि पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष घोषित हो गये तो फिर पुराने वालों का दखल उतना नहीं रह पायेगा और इस फार्मेट के बाद इसके सीधे इफैक्ट महानगर की टीम पर आयेगे।

कई चेहरे आउट ऑफ सीन हो जायेंगे क्योंकि क्षेत्रीय अध्यक्ष बदलेंगे तो महानगर की टीम के कुछ चेहरे बदलेंगे ही बदलेंगे। ऐसे में इन दोनों ही फार्मेट पर मंथन चल रहा है। महानगर की टीम पहले घोषित होती है तो नाम तय हैं और अगर प्रदेश टीम घोषित हो गई और क्षेत्रीय अध्यक्ष नए आ गये तो यहां समीकरण बदल जायेगा।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# चर्चित सूबे हत्याकांड: कोर्ट ने दो दोषियों को सुनाई उम्रकैद की सजा

**नोएडा।** जनपद गौतमबुद्ध नगर की जिला अदालत ने दादरी थाना क्षेत्र के गांव बोड़ाकी में हुए बहुचर्चित 'सूबे हत्याकांड' में बुधवार को ऐतिहासिक फैसला सुनाया। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (राजेश कुमार मिश्रा) की अदालत ने दो आरोपियों, ईश्वर और गजेंद्र को हत्या और अवैध हथियार रखने का दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों दोषियों पर 20-20 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है।



एडीजीसी क्राइम शिल्पी भदौरिया ने बताया कि यह मामला 16 मार्च 2014 की रात का है। बोड़ाकी निवासी 23 वर्षीय सूबे खाना खाने के बाद रेलवे लाइन की ओर टहलने निकला था। उसी दौरान गांव के ही ईश्वर (पुत्र भंवर सिंह) और गजेंद्र (पुत्र घनश्याम) ने पुरानी रंजिश के चलते उसे घेर लिया। मृतक की बहन गीता और मां कमला ने आरोपियों को सूबे को 'निपटाने' की बात करते सुन लिया था। इससे पहले

### पुलिस की प्रभावी पैरवी और बरामदगी

घटना के तीन दिन बाद, 19 मार्च 2014 को दादरी पुलिस ने एनटीपीसी तिराहे के पास से दोनों को गिरफ्तार किया था। उनके पास से हत्या में प्रयुक्त अवैध तमंचे और कारतूस बरामद हुए थे। एडीजीसी क्राइम शिल्पी भदौरिया ने कोर्ट में मजबूत पैरवी की और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के साथ-साथ प्रत्यक्षदर्शी गवाहों के बयान दर्ज कराए।

### कोर्ट की महत्वपूर्ण टिप्पणी

बचाव पक्ष ने दलील दी थी कि गिरफ्तारी के वक्त कोई स्वतंत्र गवाह मौजूद नहीं था, लेकिन अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए इसे खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि केवल स्वतंत्र गवाह न होने से पुलिस की गवाही झूठी नहीं हो जाती। हालांकि, दोषियों का कोई पिछला आपराधिक इतिहास न होने के कारण इसे 'विरल से विरलतम' श्रेणी में नहीं माना गया, इसलिए मृत्युदंड की जगह आजीवन कारावास की सजा दी गई।

# फर्जी पासपोर्ट रैकेट मामला

## रिमांड में टूटे राज, सातवां आरोपी दबोचा

- एक ही पते पर 22 पासपोर्ट के लिए 1 लाख की रिश्वत
- सिस्टम तक पहुंची जांच की आंच



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** फर्जी पासपोर्ट बनवाने के सनसनीखेज मामले ने अब बड़े रैकेट का रूप ले लिया है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की क्राइम ब्रांच स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में इस प्रकरण के सातवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह गिरफ्तारी उस पूरे घटनाक्रम की एक अहम कड़ी मानी जा रही है, जिसने पासपोर्ट व्यवस्था और सत्यापन प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बता दें कि जांच में सामने आया था कि भोजपुर क्षेत्र में एक ही पते का इस्तेमाल कर 22 अलग-अलग लोगों के पासपोर्ट बनवाए गए। फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक और अन्य दस्तावेजों के सहारे यह रैकेट लंबे समय से सक्रिय था। पुलिस ने जब इस पते की परतें खोलीं तो पूरा नेटवर्क उजागर होता चला गया। एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह ने बताया है कि क्राइम ब्रांच ने पूर्व में गिरफ्तार आरोपियों को रिमांड पर लेकर सख्ती से पूछताछ की। इसी दौरान नए नाम, नए ठिकाने और लेन-देन की अहम जानकारियां सामने आईं। इन्हीं खुलासों के आधार पर पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर रैकेट की सातवीं कड़ी जोड़ दी है।



### प्रति पासपोर्ट, रिश्वत का पूरा गणित

**करंट क्राइम :** पूछताछ में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि एक पासपोर्ट के लिए 80 हजार से 1 लाख तक की रिश्वत ली जाती थी। यह रकम अलग-अलग स्तरों पर बंटती थी, जिससे साफ है कि खेल सिर्फ दलालों तक सीमित नहीं था। दस्तावेज तैयार करने से लेकर सत्यापन और पासपोर्ट जारी होने तक, हर कदम पर मैनेजमेंट किया गया।

### जारी रहेगी जांच, कई नाम आंएगे सामने

**करंट क्राइम :** एडीसीपी क्राइम पीयूष सिंह, ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यह जांच कई स्तरों पर चल रही है। जैसे-जैसे कड़ियां जुड़ रही हैं, वैसे-वैसे इस पूरे मामले का दायरा भी बढ़ता जा रहा है। उन्होंने संकेत दिए कि जांच की आंच अब सिर्फ आरोपियों तक नहीं, बल्कि पूरी प्रक्रिया और उससे जुड़े लोगों तक पहुंच रही है। जिस तरह से एक ही पते पर दर्जनों पासपोर्ट बन गए, उसने सत्यापन व्यवस्था की पोल खोल दी है। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसियां यह भी खंगाल रही हैं कि आखिर किन कारणों से यह फजीर्वाड़ा इतने समय तक चलता रहा। गाजियाबाद पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने साफ कर दिया है कि फर्जी पासपोर्ट जैसे राष्ट्र की सुरक्षा से जुड़े अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां संभव हैं, क्योंकि यह रैकेट अब पूरी तरह पुलिस के रडार पर है।